Drishti IAS

# एडिटोरियल क्विज़

## जून

# 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440, Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न

**1. अल नीनो' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) मध्य प्रशांत क्षेत्र में ऊष्ण घटना अल नीनो के विकास की भविष्यवाणी करता है।
2. एल नीनो 10 में से छह वर्षों में पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के पश्चिमी भागों में कम वर्षा होने से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**2. हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सकारात्मक IOD के दौरान गर्म जल को हिंद महासागर के पूर्वी भाग में विस्थापित हो जाता है, जबकि पश्चिमी हिंद महासागर में गहरा ठंडा जल सतह पर आता है।
2. IOD के सकारात्मक चरण के दौरान अफ्रीका के तट पर उच्च तापमान ऑस्ट्रेलिया में भारी बारिश और सूखे का कारण बनता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**3. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. तुर्किये परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह में भारत के प्रवेश का समर्थन करने वाले कुछ देशों में से एक है।
2. अफगानिस्तान तथा मध्य एशिया में शांति और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत तथा तुर्किये के साझा हित हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. 'प्रवर्तन निदेशालय (ED)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रवर्तन निदेशालय को मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच का अधिकार है।
2. प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**5. ग्राफीन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्राफीन दुनिया का सबसे पतला, सबसे मज़बूत और बिजली और गर्मी दोनों का सबसे प्रवाहकीय पदार्थ है।
2. यह ताँबे की तुलना में बिजली का बेहतर संचालन करता है।

नोट :

3. यह स्टील से 200 गुना मज़बूत लेकिन छह गुना हल्का है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**6. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. संविधान, संसद जब सत्र में नहीं होती है और मंत्रिपरिषद संतुष्ट है कि परिस्थितियों में अध्यादेश प्रख्यापित करने की आवश्यकता होती है तो राष्ट्रपति को "तत्काल कार्रवाई" के मामलों में अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति प्रदान करता है।
2. कार्यकारी शाखा के भीतर शक्ति की संकेंद्रता जवाबदेही और निरीक्षण को कम कर सकती है तथा संसद की सरकार पर जाँच के रूप में कार्य करने की शक्ति को सीमित कर सकती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जैव विविधता कई पारिस्थितिक तंत्र सेवाएँ प्रदान करती है, जैसे परागण, मृदा की उर्वरता, जल शोधन और जलवायु विनियमन।
2. उच्च जैव विविधता वाले पारिस्थितिक तंत्र पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति कम लचीले होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**8. 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम लैंगिक रूप से तटस्थ है और प्रत्येक स्तर पर सर्वोपरि महत्त्व के मामले के रूप में बच्चे के सर्वोत्तम हितों एवं कल्याण का सम्मान करता है।
2. माता-पिता की उपस्थिति में बच्चे का मेडिकल परीक्षण किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**9. कानून की उचित प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यक्तियों को कानून की उचित प्रक्रिया द्वारा न केवल मनमाने कार्यकारी कार्यों के खिलाफ बल्कि मनमाने विधायी कार्यों से भी संरक्षित किया जाता है।
2. वाक्यांश "कानून की उचित प्रक्रिया" भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**10. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. सकल स्थायी पूंजी निर्माण (GFCF) भौतिक परिसंपत्तियों में शुद्ध वृद्धि को संदर्भित करता है अर्थात्, निवेश - निपटान।
2. GFCF सकल घरेलू उत्पाद की गणना की व्यय विधि का एक घटक है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**10. PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (NMP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (NMP) सेवा क्षेत्र के विकास के लिये एकीकृत योजना से संबंधित डेटा-आधारित निर्णयों को सुविधाजनक बनाने हेतु एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है।
2. सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (EGoS) और नेटवर्क योजना समूह (NPG) को एक संस्थागत व्यवस्था के रूप में बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**11. निम्नलिखित में से किस सशस्त्र बल ने सेवानिवृत्त फाइटर डॉग्स को 'थेरेपी डॉग्स' के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है ?**

A. भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP)

B. भारतीय सेना

C. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)

D. सीमा सुरक्षा बल (BSF)

**12. 'भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CAG राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण नहीं करता है, यद्यपि वह उसके द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. वह अपने पद पर बने रहने के बाद भारत सरकार या किसी भी राज्य के अधीन आगे के कार्यालय के लिये पात्र नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजकोषीय घाटा इस बात का संकेतक है कि सरकार को अपने कार्यों को वित्तपोषित करने के लिये किस हद तक उधार लेना चाहिये और इसे देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है।
2. एक उच्च राजकोषीय घाटे से मुद्रा का अवमूल्यन हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**14. 'आपदा प्रबंधन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आपदा प्रबंधन अधिनियम में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं हेतु विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (National Disaster Response Force- NDRF) के गठन का वैधानिक प्रावधान हैं।
2. भारत में आपदा प्रबंधन हेतु सर्वोच्च निकाय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority- NDMA) है।
3. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल BSF, CISF, CRPF, ITBP, SSB और असम राइफल्स की बटालियनों से बना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**15. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ( AIFF ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) वह संगठन है जो भारत में फुटबॉल के खेल का प्रबंधन करता है।
2. AIFF आई-लीग को नियंत्रित करता है जो भारत की प्रमुख घरेलू क्लब प्रतियोगिता है।
3. आई-लीग भारतीय पुरुषों और महिलाओं के संघ फुटबॉल क्लबों के लिये पेशेवर लीग है जिसे वर्ष 2007 में शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई भी नहीं

**16. 'हिमालयी पर्वतमाला' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिवालिक को बाह्य हिमालय भी कहा जाता है।
2. धौलाधर और महाभारत पर्वतमाला वृहत हिमालय का हिस्सा हैं।
3. कश्मीर की घाटी पीरपंजाल और हिमालय के ज़ास्कर पर्वतमाला के बीच स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**17. 'भारत-नेपाल संबंध' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और चीन के बीच अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण नेपाल भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के लिये एक विवादित स्थल बन गया है।
2. वर्ष 1950 में स्थापित शांति और मित्रता की संधि राष्ट्रीय स्तर पर भारत और नेपाल दोनों के व्यवसायों के लिये समान व्यवहार सुनिश्चित करती है।
3. रेलवे लाइन के निर्माण की सुविधा के लिये नेपाल और भारत के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए, जो नेपाल की राजधानी काठमांडू को भारत में स्थित रक्सौल शहर से जोड़ेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**18. निम्नलिखित बाज़ारों पर विचार कीजिये:**

1. मोनसांग
2. कोम
3. पोउमाइ
4. ताराओ

**उपर्युक्त में से कितनी जनजातियाँ मणिपुर से संबंधित हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**19. राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान ( NDC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने के लिये प्रतिबद्ध है।
2. वर्ष 2030 तक देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा स्रोतों से अपनी कुल स्थापित विद्युत क्षमता का लगभग 50% प्राप्त करना है जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो।
3. COP 26 में घोषित "पंचामृत" राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**20. वर्ष 2022-23 के लिये RBI की मुद्रा और वित्त रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2022-23 के लिये RBI की मुद्रा और वित्त रिपोर्ट का शीर्षक "टुवड्र्स अ ग्रीनर क्लीन इंडिया" है।
2. यह जलवायु परिवर्तन और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को संबोधित करने के लिये केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता की कोई चिंता नहीं प्रदर्शित करता है।
3. RBI का उद्देश्य आर्थिक विकास, मुद्रास्फीति और शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था में संक्रमण के बीच व्यापार संबंधी चुनौतियों को समझने के लिये एक व्यापक ढाँचा प्रदान करना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सेबी विनियमन, जो वर्ष 2014 में लागू हुआ, यह स्थापित करता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र के भीतर स्वतंत्र निदेशक (Independent Directors- ID) अधिकतम दो लगातार पाँच वर्ष के कार्यकाल हेतु बोर्ड में सेवा करने तक सीमित हैं।
2. अंतर्संबधित वैश्विक भू-राजनीतिक गतिशीलता न केवल वैश्विक व्यापार परिदृश्य को प्रभावित करते हैं बल्कि राष्ट्रीय कारोबारी वातावरण पर भी सामान प्रभाव डालते हैं।
3. भूसामाजिक कारकों में सामाजिक परिवर्तन, सांस्कृतिक बदलाव, जनसांख्यिकीय रुझान, उपभोक्ता व्यवहार और सामाजिक मूल्य शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**22. भारतीय संविधान में उल्लिखित गौ संरक्षण प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू पशुओं के वध पर रोक लगाना तथा उनकी नस्लों में सुधार करने का उल्लेख राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत में किया गया है।
2. गायों के वध पर रोक लगाने का प्रावधान उदारवाद की विचारधारा में शामिल सिद्धांतों की श्रेणी से संबंधित है।
3. कृषि एवं पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक आधार पर व्यवस्थित करना मौलिक कर्तव्यों में वर्णित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**23. निम्नलिखित क्रांतिकारी नेताओं पर विचार कीजिये:**

1. ज्ञानेंद्र नाथ बसु
2. जतिंद्रनाथ बनर्जी
3. बरिंद्र कुमार घोष
4. प्रफुल्ल चाकी

**उपर्युक्त में से कितने बंगाल क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़े हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**नोट :**

**24. धर्मनिरपेक्षता के संबंध में संविधान के निम्नलिखित भागों पर विचार कीजिये:**

1. प्रस्तावना
2. मौलिक अधिकार
3. राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत (DPSP)
4. मौलिक कर्तव्य (FDs)

**उपर्युक्त में से कितने भारतीय राज्य की धर्मनिरपेक्ष राजनीति के बारे में बात करते हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**25. राज्य सभा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य सभा एक स्थायी निकाय है तथा इसे भंग नहीं किया जा सकता।
2. राज्यसभा के एक-चौथाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते हैं।
3. सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य कितनी भी बार पुनर्निर्वाचन और नामांकन के पात्र होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**26. 'संसद सदन की दोहरी सदस्यता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक व्यक्ति एक ही समय में संसद के दोनों सदनों का सदस्य नहीं हो सकता है।
2. यदि कोई व्यक्ति संसद के दोनों सदनों के लिये चुना जाता है, तो उसे 14 दिनों के भीतर सूचित करना होगा कि वह किस सदन में सेवा करना चाहता है।
3. यदि कोई व्यक्ति किसी सदन में दो सीटों हेतु चुना जाता है, तो उसे एक के लिये अपने विकल्प का प्रयोग करना चाहिये। नहीं तो दोनों सीटें खाली हो जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा अध्यक्ष के वेतन एवं भत्ते भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं और इस प्रकार संसद के वार्षिक मतदान के अधीन नहीं होते हैं।
2. लोकसभा अध्यक्ष के कार्य और आचरण की लोकसभा में मूल प्रस्ताव के अतिरिक्त चर्चा और आलोचना नहीं की जा सकती है।
3. लोकसभा के अध्यक्ष पहली बार में मतदान नहीं कर सकते हैं। मत बराबर होने की स्थिति में ही वह निर्णायक मत का प्रयोग कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**नोट :**

**28. 'कानून के शासन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'कानून के समक्ष समानता' की अवधारणा 'कानून के शासन' की अवधारणा का एक तत्त्व है।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अनुच्छेद 14 में सन्निहित 'कानून का शासन' संविधान की 'मूल विशेषता' है।
3. कानून के समक्ष समानता का नियम निरंकुश है और इसके कोई संवैधानिक एवं अन्य अपवाद नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**29. 'प्रस्तावना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रख्यात विधिवेत्ता एन. ए. पालखीवाला द्वारा प्रस्तावना को 'संविधान का पहचान पत्र' कहा गया था।
2. प्रस्तावना में स्पष्ट है कि संविधान संसद से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करता है।
3. इसके अनुसार संविधान का उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्त्व को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**30. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF), 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फ्रेमवर्क देश भर में संस्थानों को रैंक प्रदान करने हेतु एक पद्धति की रूपरेखा तैयार करता है।
2. आईआईटी-मद्रास लगातार चौथे वर्ष समग्र श्रेणी में तथा इंजीनियरिंग में लगातार सातवें वर्ष शीर्ष पर रहा है।
3. यह रैंकिंग शिक्षा मंत्रालय (MoE) द्वारा जारी की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**31. निम्नलिखित मापदंडों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षण, शिक्षा और संसाधन (Teaching, Learning and Resources-TLR)
2. अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research and Professional Practice- RP)
3. स्नातक परिणाम (Graduation Outcomes-GO)
4. आउटरीच और समावेशिता (Outreach and Inclusivity-OI)
5. समकक्ष अनुभूति (Peer Perception)

**उपरोक्त में से कितने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के मूल्यांकन में शामिल किये जाते हैं?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**नोट :**

32. **निम्नलिखित में से किस राष्ट्र ने वैश्विक सभ्यता पहल का प्रस्ताव रखा, जिसका उद्देश्य विश्व भर की सभ्यताओं के बीच संवाद, समझ और सहयोग को बढ़ावा देना था?**

A. चीन
B. जापान
C. अमेरिका
D. यूनाइटेड किंगडम

33. **निम्नलिखित में से कौन सा "बंजुल फॉर्मूला" से संबंधित है?**

A. भारत - यूएस '2 + 2' संवाद
B. भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन
C. सार्क
D. भारत-जापान आर्थिक मंच

34. **कवच प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कवच प्रणाली की घोषणा वर्ष 2022 के केंद्रीय बजट में आत्मनिर्भर भारत पहल के एक भाग के रूप में की गई थी।
2. यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) उपकरणों का एक सेट है, जो लोकोमोटिव तथा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ-साथ पटरियों में भी स्थापित होता है।
3. इसमें भविष्य में हाई-टेक यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लेवल-2 जैसी विशेषताएँ भी होंगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

35. **'संविधान की छठी अनुसूची' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची स्वायत्त प्रशासनिक प्रभागों के गठन का प्रावधान करती है।
2. छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे चार उत्तर-पूर्वी राज्यों में आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन हेतु विशेष प्रावधान हैं।
3. राज्यपाल को स्वायत्त ज़िलों को संगठित और पुनर्गठित करने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

36. **PM KUSUM के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये':**

1. PM-KUSUM को विद्युत मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफ-ग्रिड सौर पंपों की स्थापना के लिये शुरू किया गया था।
2. इसका उद्देश्य किसानों को अपनी कृषि भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने और इसे उपभोक्ताओं को बेचने में सक्षम बनाना है।
3. इस योजना से औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत तक पहुँच में वृद्धि करने और उद्योग तथा अन्य औद्योगिक गतिविधियों के लिये ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान करने की उम्मीद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

नोट :

**37. विपक्ष के नेता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विपक्ष का नेता सदन में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का नेता होता है, जिसके पास कुल सीटों की संख्या का कम से कम दसवाँ हिस्सा होता है।
2. राष्ट्रपति एक समिति की सिफारिश के आधार पर मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति करता है जिसमें लोकसभा से विपक्ष के नेता सदस्य के रूप में शामिल होते हैं।
3. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष और सदस्यों को एक समिति की सिफारिशों पर नियुक्त किया जाता है जिसमें राज्यसभा और लोकसभा दोनों से विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**38. संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग केंद्र और राज्य के संबंधों से संबंधित है?**

A. भाग XI
B. भाग XII
C. भाग XIII
D. भाग XIV

**39. व्यवस्था का प्रश्न (Point of Order) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जब सदन की कार्यवाही प्रक्रिया संबंधी सामान्य नियमों का पालन नहीं करती है तो कोई सदस्य व्यवस्था का प्रश्न उठा सकता है।
2. सामान्यत: यह सरकार को नियंत्रित रखने के लिये विरोधी दल के सदस्य द्वारा उठाया जाता है।
3. यह एक असाधारण साधन है क्योंकि इससे सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. कोई भी नहीं

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज (iCET) पहल पर अमेरिका-भारत संबंध के तहत अमेरिका और भारत के बीच सहयोग के छह क्षेत्र नहीं हैं?**

A. क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
B. रक्षा नवाचार
C. अंतरिक्ष
D. नवीकरणीय ऊर्जा

**41. निम्नलिखित समानता पर विचार कीजिये:**

1. प्रावधान है कि किसी भी व्यक्ति को धर्म, जाति, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची में शामिल करने के लिये अपात्र घोषित नहीं किया जाना व्यक्तियों के बीच राजनीतिक समानता सुनिश्चित करता है।
2. लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे।
3. पुरुषों और महिलाओं को आजीविका के पर्याप्त साधन और समान काम के लिये समान वेतन का समान अधिकार सुनिश्चित करता है।

नोट :

**उपर्युक्त में से कितने राजनीतिक समानता को बढ़ावा दे रहे हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हवाई के मौना लोआ में नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) की वेधशाला ने बताया है कि कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2023 में नया उच्च स्तर दर्ज किया गया है।
2. पूर्व-औद्योगिक युग की तुलना में वर्तमान कार्बन स्तर 50% अधिक है।
3. ग्लोबल स्टॉक टेक पेरिस समझौते का एक महत्त्वपूर्ण जनादेश है, जिसका उद्देश्य समझौते द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं देशों द्वारा की गई वास्तविक जलवायु कार्रवाइयों के बीच अंतर का आकलन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**43. 2.OPEC+ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:**

1. OPEC+ 23 देशों का एक समूह है जिनमें से 13 देश पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन से संबद्ध हैं और शेष 10 देश गैर-OPEC हैं जिसमे रूस भी शामिल है।
2. सऊदी अरब OPEC के अंतर्गत सबसे बड़ा तेल उत्पादक और विश्व स्तर पर सबसे बड़ा तेल निर्यातक है।
3. वैश्विक तेल उत्पादन में पर्याप्त हिस्सेदारी के कारण कच्चे तेल की कीमतों को निर्धारित करने में "OPEC+" महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**44. 'देशद्रोह' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विधि आयोग ने सिफारिश की है कि कुछ सुरक्षा उपायों के साथ राजद्रोह के अपराध को भारतीय दंड संहिता (IPC) में निरंतरता प्रदान की जानी चाहिये।
2. IPC की धारा 124A राजद्रोह को एक अपराध के रूप में परिभाषित करती है जिसका उद्देश्य कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा, अवमानना या असंतोष लाने या लाने का प्रयास करने वाले भाषण या लेखन को दंडित करना है।
3. राजद्रोह कानून मूल रूप से वर्ष 1837 में जेम्स स्टीफन द्वारा तैयार किया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**45. निम्नलिखित सरकारी निकायों पर विचार कीजिये:**

1. अधिसूचित क्षेत्र समिति
2. नगर क्षेत्र समिति
3. छावनी बोर्ड
4. पोर्ट ट्रस्ट

**उपर्युक्त में से कितने शहरी स्थानीय सरकार में शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**46. निम्नलिखित में से किस राज्य ने लाभार्थी उत्सव ( लाभार्थियों के लिये उत्सव ) का आयोजन किया ?**

A. राजस्थान
B. उत्तर प्रदेश
C. बिहार
D. मध्य प्रदेश

**47. पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 जारी किया है।
2. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदान किये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार नियम तैयार किये गए हैं।
3. नियमों का उद्देश्य पशु जन्म नियंत्रण (ABC) कार्यक्रमों के माध्यम से स्ट्रीट डॉग की नसबंदी और टीकाकरण के लिये दिशा-निर्देश प्रदान करना है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा एक रोग केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाला टीका-रोकथाम योग्य वायरल ज़ूनोटिक रोग है ?**

A. रेबीज़
B. मंकीपॉक्स
C. कोविड-19
D. एंथ्रेक्स

**49. "ऑपरेशन ब्लूस्टार" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑपरेशन ब्लूस्टार भारत सरकार द्वारा सिख उग्रवादियों को हटाने हेतु चलाया गया एक सैन्य अभियान था, जिन्होंने स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर अपनी स्थिति को मज़बूत कर लिया था।
2. ऑपरेशन में दो घटक ऑपरेशन मेटल और ऑपरेशन शॉप थे।
3. ऑपरेशन मेटल मंदिर परिसर में आक्रमण से संबंधित था।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**50. भारत और नेपाल संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नेपाल और भारत के बीच घनिष्ठ आर्थिक, सुरक्षा संबंधी और सांस्कृतिक संबंध हैं, यह ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है कि उनके बीच औपचारिक रक्षा संबंध नहीं हैं।
2. मुख्य रूप से डोकलाम क्षेत्र पर सीमा विवाद के कारण नेपाल और भारत के बीच राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहता है।
3. दोनों देश सिलीगुड़ी और झापा के बीच पेट्रोलियम आपूर्ति पाइपलाइन के निर्माण के लिये एक समझौता ज्ञापन पर सहमत हुए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**51. 'रक्तचाप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रक्त वाहिकाओं की दीवारों पर मुख्य रूप से धमनियों में रक्त को परिचालित करके लगने वाले बल को संदर्भित करता है।
2. उच्च रक्तचाप आपके हृदय, गुर्दे और मस्तिष्क को हानि पहुँचा सकता है।
3. एल्डोस्टेरोन हार्मोन के ऊँचे स्तर के कारण गुर्दे अधिकतम सोडियम को पुन: अवशोषित कर लेते हैं, जिससे जल प्रतिधारण होता है और रक्त की मात्रा में वृद्धि से रक्तचाप में वृद्धि होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**52. निम्नलिखित में से कौन-सा देश मधेसी आंदोलन से संबंधित है ?**

A. नेपाल

B. भारत

C. बांग्लादेश

D. म्यांमार

**53. उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (PLI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (PLI) योजना का उद्देश्य पात्र कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके विशिष्ट क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है।
2. यह योजना देश के मेक इन इंडिया अभियान को बढ़ावा देने और विश्व स्तर पर भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाने के लिये शुरू की गई थी।
3. कपड़ा क्षेत्र के लिये PLI का उद्देश्य उच्च मूल्य वाले मानव निर्मित फाइबर (MMF) कपड़ों और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिग्नल आगे ट्रैक की स्थिति पर आधारित होते हैं, लाइट सिग्नल ट्रेन को रुकने (लाल बत्ती), आगे बढ़ने (हरा), या सावधानी बरतने (पीला) का निर्देश देते हैं।
2. पॉइंट एक ट्रैक के मूवेबल सेक्शन होते हैं जो पहियों को सीधी या डायवर्जिंग लाइन की ओर गाइड करके ट्रेन को ट्रैक बदलने की अनुमति देते हैं।
3. ट्रैक सर्किट एक ट्रेन की उपस्थिति का पता लगाने के लिए पटरियों पर स्थापित विद्युत सर्किट होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**55. निम्नलिखित प्रकार के इंटरलॉकिंग पर विचार कीजिये:**

1. मैकेनिकल इंटरलॉकिंग
2. पैनल इंटरलॉकिंग (रिले)
3. रूट रिले इंटरलॉकिंग
4. सॉलिड स्टेट इंटरलॉकिंग (SSI)

**रेलवे में इंटरलॉकिंग सिस्टम में उपर्युक्त में से कितने का उपयोग किया जाता है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**56. 'राज्य के मुख्यमंत्री' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति हेतु कोई विशिष्ट प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है।
2. संविधान के अनुसार, मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त होने से पहले किसी व्यक्ति को विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना होगा।
3. राज्यपाल को मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति में अपने व्यक्तिगत निर्णय का प्रयोग कर सकता है जब मुख्यमंत्री की अचानक मृत्यु हो जाती है एवं कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**57. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. सांकेतिक और वास्तविक कार्यकारी

2. राजनीतिक एकरूपता
3. दोहरी सदस्यता
4. सामूहिक ज़िम्मेदारी

**उपर्युक्त में से कितनी भारत में सरकार के संसदीय स्वरूप की विशेषताएँ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. चारो

**58. नगर निगम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये राज्यों में संबंधित राज्य विधानसभाओं के अधिनियमों द्वारा और केंद्र शासित प्रदेशों में भारत की संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित किये जाते हैं।
2. एक राज्य में सभी नगर निगमों के लिये एक सामान्य अधिनियम या प्रत्येक नगर निगम के लिये एक अलग अधिनियम हो सकता है।
3. एक नगर निगम के तीन प्राधिकरण होते हैं, अर्थात्, परिषद, स्थायी समितियाँ और आयुक्त।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**59. 'धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यक्ति को भगवान या उसके रूपों के साथ अपने ढंग से अपने संबंध को बनाने की आंतरिक स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है।
2. एक व्यक्ति अपने धार्मिक विश्वासों और विश्वास को खुले तौर पर और स्वतंत्र रूप से घोषित कर सकता है।
3. किसी के धार्मिक विश्वासों का दूसरों तक हस्तांतरण और प्रसार या किसी के धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या धर्म के अधिकार द्वारा सुनिश्चित की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**60. बाल गंगाधर तिलक के निम्नलिखित रचनाओं पर विचार कीजिये:**

1. गीता रहस्य
2. आर्कटिक होम ऑफ वेदास।
3. केसरी
4. महरत्ता

**उपर्युक्त में से कितने रानी साम्राज्ञी बनाम बाल गंगाधर तिलक मामले, 1897 से संबंधित हैं जिसमें बॉम्बे न्यायालय द्वारा तिलक को राजद्रोह का दोषी पाया गया था?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. चारो

**नोट :**

**61. मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्य आर्थिक सलाहकार (CEA) भारत सरकार में एक पद है और भारत सरकार के सचिव के पद के समान है।
2. CEA भारतीय आर्थिक सेवा का पदेन कैडर नियंत्रक प्राधिकरण है।
3. CEA वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग का प्रमुख है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**62. अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित कारकों पर विचार कीजिये:**

1. जनसांख्यिकीय लाभ
2. बढ़ता मध्यम वर्ग
3. खपत में वृद्धि
4. अनुकूल निवेश वातावरण

**उपर्युक्त में से कितने भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दृष्टिकोण के लिये ज़िम्मेदार हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**63. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. COP 26 में घोषित'पंचामृत'
2. वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन
3. वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना
4. 'LiFE'- 'पर्यावरण के लिये जीवन शैली'

**उपर्युक्त में से कितने कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) में शामिल हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. चारों

**64. राज्य कार्यपालिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य की कार्यपालिका में राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के साथ राज्य के महाधिवक्ता शामिल होते हैं।
2. 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1956 ने एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने की सुविधा प्रदान की।
3. राज्यपाल न तो प्रत्यक्ष लोगों द्वारा चुने जाते हैं और न ही अप्रत्यक्ष रूप से विशेष रूप से गठित निर्वाचक मंडल द्वारा चुने जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**65. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( CBI ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBI की स्थापना की सिफारिश भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा की गई थी।
2. CBI एक वैधानिक निकाय है और दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम, 1946 के तहत स्थापित किया गया है।
3. दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम, 2014 ने CBI के निदेशक की नियुक्ति से संबंधित समिति की संरचना में बदलाव किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**66. संविधान के निम्नलिखित भागों पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक अधिकार
2. राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत
3. मौलिक कर्तव्य
4. प्रस्तावना

**उपर्युक्त में से कितने में व्यक्तिगत गरिमा के बारे में बात की गई है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**67. 'बलात् श्रम/गुलामी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान ने मानव तस्करी, भिखारी और अन्य समान प्रकार के बलात् श्रम पर रोक लगा दी।
2. मौलिक अधिकारों में कुछ भी राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकेगा।
3. संविधान द्वारा यह सुरक्षा नागरिकों को न केवल राज्य बल्कि निजी नागरिकों से भी प्रदान की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**68. डायबिटीज़/मधुमेह और इसके प्रकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डायबिटीज़ एक गैर-संचारी रोग (Non-Communicable Disease- NCD) है जो या तो तब होता है जब अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या जब शरीर अपने द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है।
2. टाइप 2 डायबिटीज़ को किशोर डायबिटीज़ के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह ज़्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है, यह तब होता है जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है।
3. टाइप 1 डायबिटीज़ शरीर द्वारा इंसुलिन का उपयोग करने के तरीके को प्रभावित करता है। जबकि शरीर अभी भी इंसुलिन का निर्माण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**69. 'भारत की G20 अध्यक्षता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अपने G20 अध्यक्षता के हिस्से के रूप में, भारत ने स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की शुरुआत की है।
2. भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने G20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस (G20-DIA) लॉन्च किया है।
3. G20 की थीम "डिजिटल शहरी भविष्य को उत्प्रेरित करना" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नही

**70. 'सरकार के संसदीय स्वरूप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में सरकार का संसदीय स्वरूप विधायी और कार्यकारी निकायों के बीच परस्पर निर्भरता पर ज़ोर देता है।
2. संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति की सहमति के बिना कानून नहीं बन सकता।
3. संविधान की चौथी अनुसूची राज्यसभा में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सीटों के आवंटन से संबंधित है

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**71. स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग नीति आयोग द्वारा जारी की जाती है।
2. समग्र प्रदर्शन के मामले में केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान हैं।
3. नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा विश्व बैंक के सहयोग से वर्ष 2017 में इसकी शुरुआत की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**72. निम्नलिखित में से किस राज्य ने नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग में सबसे कम रैंकिंग हासिल की है ?**

A. बिहार

B. उत्तर प्रदेश

C. मध्य प्रदेश

D. त्रिपुरा

**73. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, मुद्रास्फीति अब केवल केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से थोड़ा ऊपर है।
2. कम मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं के लिये फायदेमंद है क्योंकि इससे उनकी आय की क्रय शक्ति को बनाए रखने में सहायता मिलती है।
3. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) औद्योगिक गतिविधियों में विस्तार का संकेत देता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ते उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों को दर्शाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**74. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में अपना 23वाँ ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है?**

A. रोजर फ़ेडरर

B. नोवाक जोकोविच

C. राफेल नडाल

D. कैस्पर रूड

**75. 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री किसान मोबाइल ऐप को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित और डिज़ाइन किया गया था।
2. यह योजना उचित फसल स्वास्थ्य और उचित उपज सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न आदानों की खरीद में छोटे और सीमांत किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करती है।
3. लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. इनमे से कोई नहीं

**76. निम्नलिखित मैक्रोन्यूट्रिएंट्स पर विचार कीजिये:**

1. नाइट्रोजन (N)
2. कैल्शियम A.
3. सल्फर (S)
4. मैग्नीशियम (Mg)

**फसलों के संतुलित विकास के लिये उपर्युक्त मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में से कितने की आवश्यकता है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**77. 'राष्ट्रपति के निर्वाचन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मंडल पूर्ण नहीं था।
2. राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति का निर्वाचन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शून्य घोषित कर दिया जाता है, ऐसी घोषणा की तिथि से पहले उसके द्वारा किये गए कार्य अमान्य हो जाते हैं और निष्क्रिय हो जाते हैं।
3. राष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में सभी संदेहों और विवादों की जाँच एवं निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**78. भूमध्यसागरीय संघ ( Union for the Mediterranean- UfM ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह यूरोपीय संघ के सभी देशों और दक्षिणी तथा पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र के 16 देशों को एकजुट करता है।
2. फ्राँस एक भूमध्यसागरीय देश है क्योंकि फ्राँस के दक्षिण में भूमध्यसागरीय समुद्र तट है।
3. मिस्र, जहाँ विश्व की कुछ सबसे पुरानी सभ्यताएँ पाई जाती है, भूमध्यसागरीय संघ का सदस्य भी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**79. 'सोशल मीडिया विनियमन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. व्यक्तियों की गोपनीयता को उजागर करने वाली सामग्री की शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटों के भीतर मध्यवर्ती संस्थाएँ पहुँच को हटा देंगे या अक्षम कर देंगे।
2. उपयोगकर्त्ताओं को मध्यवर्ती संस्था द्वारा की गई कार्यवाही पर विचार करने का पर्याप्त और उचित अवसर प्रदान किया जाना चाहिये।
3. OTT प्लेटफॉर्मों को सामग्री को पाँच आयु-आधारित श्रेणियों में स्व-वर्गीकृत करने की आवश्यकता होगी; U (यूनिवर्सल), U/A 7+, U/A 13+, U/A 16+, और A (वयस्क)।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**80. संविधान के निम्नलिखित भाग पर विचार कीजिये:**

1. मौलिक अधिकार
2. मौलिक कर्तव्य
3. राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत (DPSP)
4. प्रस्तावना

**42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के माध्यम से उपर्युक्त में से कितने वैज्ञानिक मनोवृत्ति, मानवतावाद और जाँच एवं सुधार की भावना के साथ संविधान में शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**81. भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ( CAG ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह संसद के अधीनस्थ के रूप में संसद की ओर से व्यय का लेखा-जोखा करता है।
2. वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण नहीं करता, यद्यपि उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
3. उनका वेतन और अन्य सेवा शर्तें राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**82. निम्नलिखित कला रूप पर विचार कीजिये:**

1. छाया
2. दस्ताने
3. उँगली
4. डोरी से चलाई जाने वाली कठपुतली

**उपरोक्त में से कितनी भारत में कठपुतलियों की श्रेणी हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**83. भारतीय महाकाव्य धार्मिक साहित्य के निम्नलिखित भाग पर विचार कीजिये:**

1. बालकाण्ड
2. अरण्यकाण्ड
3. उत्तराखंड
4. सुंदरकांड

**उपर्युक्त में से कितने रामायण का हिस्सा नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. इनमे से कोई नहीं

**84. 15वें वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. यह एक संवैधानिक निकाय है जो केंद्र और राज्यों के बीच कर आय के वितरण की विधि और सूत्र निर्धारित करता है।
2. संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत वित्त मंत्री को वित्त आयोग का गठन करना आवश्यक है।
3. इसके तहत वर्ष 2021-26 की अवधि हेतु केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41% करने की सिफारिश की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**85. राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता में अंतर-पीढ़ीगत इक्विटी सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी बनाना है।
2. सरकार के ऋण संबंधी निर्णय FRBM अधिनियम में उल्लिखित सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होते हैं।
3. यह राजकोषीय घाटे और ऋण-से-जीडीपी अनुपात के लिये लक्ष्य निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**86. एकीकृत बाल विकास योजना (ICDS) के तहत योजनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. आँगनवाड़ी सेवा योजना के तहत लाभार्थियों में 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ शामिल हैं।
2. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तीन किस्तों में 5,000 रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है।
3. राष्ट्रीय क्रेच योजना कामकाज़ी महिलाओं के 6 माह से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को देखभाल की सुविधा प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**87. विश्व बैंक के लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक (LPI ) 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LPI को विश्व बैंक द्वारा हर दो वर्ष में विकसित किया जाता है।
2. LPI 2023 ने पहली बार व्यापार की गति को मापा।
3. 139 देशों के सूचकांक में भारत 38वें स्थान पर है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**88. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NBFC डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते हैं।
2. यह भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं है और न ही अपने ऊपर आहरित चेक जारी कर सकता है।
3. जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की जमा बीमा सुविधा NBFC के जमाकर्त्ताओं के लिये उपलब्ध है।

**उपर्युक्त कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई नहीं

**89. भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. InSPACe (भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र) अंतरिक्ष में प्रक्षेपण के लिये एकल-खिड़की मंज़ूरी और प्राधिकरण एजेंसी होगी।
2. ISRO अन्य सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकियों, उत्पादों, प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेगा।
3. न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) सार्वजनिक व्यय के माध्यम से बनाई गई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और प्लेटफार्मों के व्यावसायीकरण के लिये ज़िम्मेदार होगा।

**उपर्युक्त कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**90. 'भारतीय विधि आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय विधि आयोग न तो संवैधानिक और न ही वैधानिक निकाय है।
2. पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत स्थापित किया गया था।
3. आयोग एक निश्चित कार्यकाल हेतु स्थापित किया गया है और कानून एवं न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**91. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है।
2. यह शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करता है।
3. कुक आइलैंड्स, नीयू और फिलिस्तीन तीन यूनेस्को सदस्य राज्य हैं जो संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**92. निम्नलिखित संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों पर विचार कीजिये:**

1. इज़रायल
2. लिकटेंस्टीन
3. संयुक्त राज्य अमेरिका
4. ऑस्ट्रिया

**उपर्युक्त में से कितने देश यूनेस्को के सदस्य नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. उपरोक्त सभी

**93. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्र नाटो (NATO) का सदस्य नहीं है?**

A. स्वीडन
B. फिनलैंड
C. फ्राँस
D. पोलैंड

**94. कोरोमंडल तट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोरोमंडल तट से तात्पर्य विशेष रूप से बंगाल की खाड़ी से लगे भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट से है।
2. यह भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्य में विस्तृत है।
3. कोरोमंडल तट के उत्तर में उत्कल के मैदान हैं, इसके पूर्व में बंगाल की खाड़ी है, इसके दक्षिण में कावेरी डेल्टा है और पश्चिम में यह पूर्वी घाटों से घिरा हुआ है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**95. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कृषि पर G-20 मंत्रिस्तरीय बैठक (2023) का मुख्य मुद्दा है?**

A. वैश्विक संकट और सतत् विकास लक्ष्य पर उनके प्रभाव की चर्चा करना।

B. स्थायी कृषि में तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करना।

C. वित्तीय क्षेत्र में चुनौतियों का समाधान करना।

D. G-20 सदस्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना।

**96. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. सऊदी अरब
2. ओमान
3. मोरक्को
4. ट्यूनीशिया

**रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे संकट से विभिन्न उर्वरकों की घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिये उपर्युक्त देशों में से कितने देशों के पास रणनीतिक साझेदारी है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**97. रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न संकट के दौरान भारत सरकार ने उर्वरक आपूर्ति को कैसे सुरक्षित किया है?**

1. वैकल्पिक उर्वरकों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर।
2. संसाधन-संपन्न देशों के साथ दीर्घकालिक समझौते और संयुक्त उद्यम बनाकर।
3. कच्चे माल हेतु आयात समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिये घरेलू उद्योग को प्रोत्साहित करके।
4. कच्चे माल को सुरक्षित करने हेतु संसाधन संपन्न भौगोलिक क्षेत्रों में निवेश करके।

**98. 'सिंथेटिक भ्रूण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संश्लेषित/सिंथेटिक भ्रूण वे भ्रूण हैं जिनका निर्माण बिना निषेचन के किया जाता हैं।
2. प्रारंभिक मानव विकास की प्राकृतिक प्रगति के सामान ही ये भ्रूण स्व-संगठित स्टेम सेल संरचनाओं का उपयोग करते हैं।
3. इन भ्रूणों के निर्माण के लिये अंडाणु अथवा शुक्राणु कोशिका की भागीदारी की आवश्यकता नहीं होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

नोट :

**99. निम्नलिखित में से कौन-सी एक ब्याज दर है जिस पर रिज़र्व बैंक, बैंकों को सरकार के संपार्श्विक और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के खिलाफ तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत रातोंरात तरलता प्रदान करता है?**

A. रेपो दर

B. बैंक दर

C. वैधानिक तरलता अनुपात (SLR)

D. खुला बाज़ार परिचालन (OMO)

**100. निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय समूहों पर विचार कीजिये:**

1. शंघाई सहयोग संगठन
2. ब्रिक्स
3. क्वाड
4. सार्क

**उपर्युक्त में से कितने में भारत सदस्य के रूप में शामिल है?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**101. 'लुक ईस्ट पॉलिसी और एक्ट ईस्ट पॉलिसी ऑफ इंडिया के बीच अंतर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लुक ईस्ट पॉलिसी आर्थिक एकीकरण के साथ-साथ दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) देशों पर केंद्रित है।
2. एक्ट ईस्ट पॉलिसी आर्थिक एकीकरण और सुरक्षा सहयोग के साथ आसियान देशों पर केंद्रित है।
3. "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" की शुरूआत पहले से स्थापित "लुक ईस्ट पॉलिसी" की प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**102. 'इथेनॉल सम्मिश्रण और जैव ईंधन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इथेनॉल का उत्पादन गन्ना, चावल की भूसी और मक्का से किया जा सकता है।
2. G20 अध्यक्षता के तहत भारत ने जैव ईंधन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने हेतु ब्राज़ील जैसे देशों के साथ साझेदारी करते हुए एक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का प्रस्ताव दिया है।
3. E20 ईंधन में 20% पेट्रोल और 80% इथेनॉल का मिश्रण होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**103. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ट्रांसजेनिक जीव आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMO) को संदर्भित करता है जो एक विशिष्ट प्रजाति से DNA अनुक्रम या जीन को शामिल करता है।

नोट :

2. आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMO), एक जीव है, चाहे वह एक जीव, पौधे या सूक्ष्म जीव हो, जिसका DNA आनुवंशिक इंजीनियरिंग विधियों के माध्यम से संशोधित किया गया हो।
3. सभी ट्रांसजेनिक जीव GMO हैं, और सभी GMO ट्रांसजेनिक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**104. 'जक्लाइमेट चेंज सिंथेसिस रिपोर्ट' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPCC की 2023 क्लाइमेट चेंज सिंथेसिस रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि विश्व भर की सरकारें जलवायु संकट को दूर करने हेतु पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर रही हैं।
2. यह रिपोर्ट बताती है कि यदि उपचारात्मक उपायों की वर्तमान गति जारी रहती है, तो वैश्विक औसत तापमान 2100 तक पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम हो जाएगा।
3. सबसे गरीब देशों की तुलना में विश्व के सबसे अमीर देश आधे से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हेतु ज़िम्मेदार हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**105. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उच्च ग्रामीण मुद्रास्फीति के साथ केरल के ग्रामीण क्षेत्र का मूल्य स्तर बिहार के ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में अधिक है।
2. वास्तविक मज़दूरी का आकलन करने के लिये प्रत्येक राज्य की ग्रामीण आबादी पर विचार करने के साथ ही राज्य-विशिष्ट मुद्रास्फीति दरों को शामिल किया जाना चाहिये।
3. मूल्य स्तरों और मुद्रास्फीति में क्षेत्रीय अंतरों हेतु पारिश्रमिकी को समायोजित करने के लिये राज्य-विशिष्ट मुद्रास्फीति दरें आवश्यक हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**106. 'भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UIDAI गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के तहत भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है।
2. वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि आधार प्रमाणीकरण को केवल भारत के समेकित कोष से भुगतान किये गए लाभों के लिये अनिवार्य बनाया जा सकता है।
3. आधार संख्या पहचान का प्रमाण है, हालाँकि आधार संख्या इसके धारक को नागरिकता या अधिवास का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**107. चक्रवात बिपरजॉय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिपरजॉय नाम का चक्रवाती तूफान अरब सागर से शुरू हुआ है।
2. 'बिपरजॉय' बांग्लादेश द्वारा सुझाया गया था और इस शब्द का अर्थ बंगाली में 'त्रासदी' या 'आपदा' है।
3. चक्रवात एक कम दबाव वाली प्रणाली है जो गर्म पानी के ऊपर बनती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**108. 'स्थानीय निकाय चुनाव' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पंचायती राज संस्थान की स्थापना वर्ष 1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से की गई थी।
2. बलवंत राय मेहता समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली, ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति और ज़िला स्तर पर ज़िला परिषद की स्थापना की सिफारिश की थी।
3. पंचायतों के सभी निर्वाचनों के संचालन और निर्वाचक नामावलियों की तैयारी का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**109. भारतीय फार्मा उत्पादों और दवा सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित कफ सिरप पाया है जिसके कारण गाम्बिया में बच्चों की मौत हुई।
2. अटलांटा में रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) ने भारतीय निर्मित आँखों की दवा की बूँदों में अत्यधिक दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया की खोज की।
3. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण (NRA) है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**110. समशीतोष्ण चक्रवात के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समशीतोष्ण चक्रवात, जिसे एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात या मध्य-अक्षांश चक्रवात के रूप में भी जाना जाता है।
2. समशीतोष्ण चक्रवात अपनी ऊर्जा गर्म और ठंडी हवा के द्रव्यमान के बीच विपरीत तापमान से प्राप्त करते हैं।
3. चक्रवात के केंद्र या निम्न-दबाव प्रणाली को अकसर उत्तरी गोलार्द्ध में विशिष्ट दक्षिणावर्त घूर्णन और दक्षिणी गोलार्द्ध में वामावर्त्त घूर्णन द्वारा चिह्नित किया जाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**111. 'नए वैश्विक वित्तीय समझौता शिखर सम्मेलन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस शिखर सम्मेलन हेतु जारी वन प्लैनेट लैब के श्वेत पत्र UN SDG, जलवायु COP21 और जैवविविधता COP15 के वैश्विक एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक निवेश की आवश्यकता का संकेत दिया है।
2. दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका, जो कुछ सबसे कमज़ोर क्षेत्रों को शामिल करते हैं, वैश्विक जलवायु निवेश का केवल एक चौथाई अर्जित करते हैं।
3. पेरिस में नया वैश्विक वित्तीय समझौता शिखर सम्मेलन का उद्देश्य स्थायी वित्त की दिशा में ठोस कदम उठाना और ग्लोबल साउथ के साथ वित्तीय एकजुटता बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**112. मुगल बादशाह औरंगज़ेब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. फतवा-ए-आलमगीरी के संकलन का कार्य औरंगज़ेब द्वारा किया गया था।
2. वह उन कुछ शासकों में से थे जिन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में शरिया कानून और इस्लामी अर्थशास्त्र को पूरी तरह स्थापित किया था।
3. औरंगजेब को उनके सादा जीवन और उच्च विचार के कारण "जिंदा पीर" कहा जाता था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**113. 'निज़ाम-उल-मुल्क' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निज़ाम-उल-मुल्क, हैदराबाद का पहला निज़ाम था तथा एक वफादार रईस एवं मुगल बादशाह औरंगज़ेब का सेनापति था।
2. मुगल सम्राट बहादुर शाह प्रथम ने उसकी मृत्यु के बाद उसे मीर कमरुद्दीन खान नाम दिया।
3. औरंगज़ेब ने उन्हें बीजापुर का फौजदार (सैन्य सेनापति) नियुक्त किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**114. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की GDP हासिल करने में भारत को 63 वर्ष लगे, इसके बाद सात वर्ष में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और फिर तीन वर्ष में 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया।

नोट :

2. वर्ष 2030 तक भारत के पास एक अरब कार्यबल होने का अनुमान है, जो G-8 देशों की संयुक्त जनसंख्या को पार कर जाएगा।
3. G-8 जिसे आठ के समूह के रूप में भी जाना जाता है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, भारत, जर्मनी, फ्राँस, यूनाइटेड किंगडम, इटली और रूस के देशों का एक साझा मंच है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**115. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. बीजापुर के आदिल शाही
2. अहमदनगर के निज़ामशाही
3. बरार के इमाद शाही
4. गोलकुंडा का कुतुब शाही
5. बीदर के बरीद शाही

**उपर्युक्त में से कितने राज्यों को सामूहिक रूप से दक्कन सल्तनत कहा जाता था?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी पाँच

**116. गति शक्ति योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पीएम गति शक्ति अनिवार्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना है जो समन्वित कार्यान्वयन हेतु रेलवे एवं रोडवेज़ सहित 16 मंत्रालयों को एक साथ लाने के लिये एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।
2. रसद आपूर्ति लागत को कम करने के अतिरिक्त इस योजना का उद्देश्य कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना, बंदरगाहों पर टर्नअराउंड समय को कम करना और अंततः व्यापार को प्रोत्साहित करना है।
3. गति शक्ति योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को समाहित कर लेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**117. निम्नलिखित उद्देश्यों पर विचार कीजिये:**

1. शिकायत निवारण
2. कार्यक्रम कार्यान्वयन
3. परियोजना निगरानी
4. समानता को बढ़ावा देना

**उपर्युक्त में से कितने प्रगति योजना के उद्देश्य हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**118. 'रक्त' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रक्त एक द्रव संयोजी ऊतक है जिसमें प्लाज़्मा, रक्त कोशिकाएँ और प्लेटलेट्स होते हैं।
2. RBC मनुष्यों में केंद्रक के बिना उभयोत्तल कोशिकाएँ हैं जिन्हें एरिथ्रोसाइट्स के रूप में भी जाना जाता है।
3. ल्यूकोसाइट्स रंगहीन रक्त कोशिकाएँ हैं क्योंकि उनमें हीमोग्लोबिन नहीं होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**119. चंपारण सत्याग्रह ( 1917 ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बिहार में चंपारण के नील उत्पादकों के मुद्दों से जुड़ा पहला असहयोग आंदोलन था।
2. यूरोपीय बागान मालिक किसानों को कुल भूमि के 3/20 भाग पर नील की खेती करने हेतु मज़बूर कर रहे थे जिसे तिनकठिया प्रणाली कहा जाता था।
3. सरकार ने इस मामले की जाँच हेतु एक समिति नियुक्त की और गांधी को सदस्य के रूप में नामित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**120. मुख्यमंत्री के पद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मुख्यमंत्री के पदभार ग्रहण करने हेतु राज्यपाल उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हैं।
2. मुख्यमंत्री का कार्यकाल निश्चित नहीं होता और वह राज्यपाल के प्रसादपर्यंत अपने पद पर बना रहता है।
3. चूँकि मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है, उसकी मृत्यु/इस्तीफे की स्थिति में मंत्रिपरिषद स्वत: ही भंग हो जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**121. बैडमिंटन नियमों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैडमिंटन मैच के दौरान प्रत्येक खेल के बीच एक मिनट के ब्रेक की अनुमति है।
2. बैडमिंटन मैच में, प्रारूप में तीन गेम खेलना शामिल है जिसमें प्रत्येक गेम में 21 अंक की सीमा होती है।
3. बैडमिंटन खेल में जब स्कोर 20-ऑल तक पहुँच जाता है, तो जो पक्ष पहले दो अंकों की बढ़त हासिल कर लेता है उसे उस विशेष खेल का विजेता घोषित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

नोट :

**122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कथन-I:

भारत ने पूरे भारत के साथ-साथ सेशेल्स, मॉरीशस और श्रीलंका में तटीय निगरानी रडार स्थापित किये हैं।

2. कथन-II:

श्रीलंका भारत के समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA) नेटवर्क का एक हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है

D. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गगलत है।

E. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**123.'अर्द्धचालक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अर्द्धचालक ऐसी सामग्रियाँ हैं जिनमें चालक और विद्युतरोधी के बीच चालकता होती है।
2. भारत ने इलेक्ट्रॉनिक घटकों और अर्द्धचालकों (SPECS) के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये योजना शुरू की है जो इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण हेतु पूंजीगत व्यय का 25% वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।
3. अर्द्धचालक में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये भारत में अर्द्धचालक मिशन शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**124. खिलाफत आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:**

1. अगस्त 1920 में हस्ताक्षरित सेवर्स की संधि ने तुर्की ऑटोमन साम्राज्य को पूरी तरह से विघटित कर दिया जिसने खिलाफत आंदोलन के लिये ज़मीन तैयार की।
2. भारत में अबुल कलाम आज़ाद, शौकत अली और मुहम्मद अली ने ब्रिटिश राज के खिलाफ खिलाफत आंदोलन नाम से एक अभियान शुरू किया।
3. उन्होंने महात्मा गांधी से संपर्क किया और उनसे अपने आंदोलन के लिये समर्थन का अनुरोध किया और अपने पूरे विरोध प्रदर्शन के दौरान अहिंसा का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नही

**125. 'कानून और व्यवस्था' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता और कानून एवं व्यवस्था के अधीन धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, पालन करने व प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है।
2. संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2 के अनुसार, कानून-व्यवस्था के पहलुओं पर कानून बनाने की शक्ति केंद्र सरकार के पास है।
3. हालाँकि केंद्र सरकार केवल वित्तीय सहायता प्रदान करके कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हेतु राज्य सरकारों के प्रयासों का समर्थन करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**126. हीटवेव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है।
2. जब सामान्य अधिकतम तापमान के बावजूद वास्तविक अधिकतम तापमान 45°C या उससे अधिक रहता है, तो इसे हीटवेव माना जाना चाहिये।
3. यदि किसी स्थान का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से कम अथवा उसके बराबर है, तो सामान्य तापमान में 5°C से 6°C की वृद्धि को हीटवेव नहीं माना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**127. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

राजद्रोह को उस अपराध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जब "कोई भी व्यक्ति बोले गए या लिखित शब्दों से या संकेतों से या दृश्य प्रतिनिधित्व द्वारा अन्यथा भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या अवमानना लाता है या प्रोत्साहित करता है या असंतोष पैदा करने का प्रयास करता है"।

कथन-II:

राजद्रोह एक गैर जमानती अपराध है। धारा 124A के तहत सज़ा तीन वर्ष तक की कैद से लेकर आजीवन कारावास तक है, जिसमें जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है

**128. 'गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UAPA के तहत भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं।
2. जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोप पत्र दायर कर सकती है और इस अवधि को इससे आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है।
3. वर्ष 2004 के संशोधन ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल संगठनों को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से "आतंकवादी कृत्य" को शामिल करने हेतु अपराधों की सूची में विस्तार किया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**129. 'भारत के विधि आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-वैधानिक निकाय है और इसका गठन भारत सरकार की एक अधिसूचना द्वारा किया जाता है।
2. भारत सरकार ने वर्ष 1955 में स्वतंत्र भारत के पहले विधि आयोग की स्थापना की, जिसके अध्यक्ष भारत के तत्कालीन अटॉर्नी-जनरल श्री एम. सी. सीतलवाड थे।
3. यह अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करता है और अप्रचलित तथा अनावश्यक अधिनियमों को निरस्त करने की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**130. विधि आयोग की 279वीं रिपोर्ट में की गई सिफारिश के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के विधि आयोग ने 'देशद्रोह' पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124A को बरकरार रखने की सिफारिश की।
2. भारत के विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि धारा 124A के प्रावधान को देश की स्थिरता और अखंडता की रक्षा हेतु माध्यम के रूप में देखा जाता है।
3. आयोग ने कहा कि 1967 का गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) IPC की धारा 124A के तहत परिकल्पित अपराध के सभी तत्त्वों को शामिल नहीं करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**131. 'गोरखा सैनिकों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रिटिश भारतीय सेना के समय भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में गोरखा सैनिकों की भर्ती वर्ष 1816 में हुई थी।
2. यह प्रथा वर्ष 1947 की संधि के तहत जारी रही जिसमें गोरखा सैनिकों को उनके भारतीय समकक्षों के बीच "समान व्यवहार" पर बल दिया गया था।
3. विदेश मंत्रालय (MEA) ने पुष्टि की है कि भारतीय सेना अग्निपथ योजना के माध्यम से नेपाल अधिवासी गोरखाओं की भर्ती नहीं करेगी।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**132. 'पंचायती राज' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बलवंत राय मेहता समिति (1957) के अनुसार, पंचायत समिति को कार्यकारी निकाय होना चाहिये जबकि ज़िला परिषद को सलाहकार, समन्वय और पर्यवेक्षी निकाय के रूप में होना चाहिये।
2. राजस्थान पंचायती राज स्थापित करने वाला पहला राज्य था।
3. गाडगिल समिति (1988) ने सुझाव दिया कि पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया जाना चाहिये।

नोट :

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**133. राज्य निर्वाचन आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मतदाता सूची की तैयारी और पंचायतों के सभी चुनावों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होगा।
2. इसमें राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक राज्य निर्वाचन आयुक्त शामिल होता है।
3. राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिये निर्धारित तरीके और आधार के अलावा राज्य निर्वाचन आयुक्त को पद से नहीं हटाया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

वेस्ट बैंक भूमि से घिरा क्षेत्र है जिसकी सीमा पूर्व, उत्तर और दक्षिण में इज़रायल से लगती है जबकि जॉर्डन से इसकी सीमा पूर्व में लगती है। दूसरी ओर गाज़ा भूमध्य सागर के किनारे एक तटीय पट्टी है जिसकी सीमा इज़रायल एवं मिस्र से लगती है।

कथन-II:

दोनों क्षेत्र एक विशाल फिलिस्तीनी क्षेत्रों का हिस्सा हैं तथा इज़रायल और फ़िलिस्तीन के बीच संघर्ष एवं विवादों सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझते रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किन्तु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है।

**135. निम्नलिखित बोर्डों पर विचार कीजिये:**

1. स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (UGMEB)
2. स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (PGMEB)
3. चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड
4. नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड

**उपर्युक्त में से कितने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अंतर्गत कार्यरत हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

नोट :

**136. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

1. बहुमत दल का शासन
2. विधायिका के प्रति कार्यपालिका का सामूहिक उत्तरदायित्व
3. निम्न सदन (लोकसभा या विधानसभा) का विघटन
4. विधानमंडल में मंत्रियों की सदस्यता

**उपरोक्त में से कितने भारत में संसदीय सरकार की विशेषताओं के अंतर्गत आते हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**137. निम्नलिखित में से कौन उस समिति का सदस्य नहीं है, जिसकी सिफारिश पर राष्ट्रपति मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करता है ?**

A. प्रधानमंत्री
B. राज्यसभा में विपक्ष के नेता
C. लोकसभा में विपक्ष के नेता
D. प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेटमंत्री

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

कथन-I:
गीता प्रेस को उसके शताब्दी वर्ष पर गांधी शांति पुरस्कार प्रदान करने के निर्णय को व्यापक सराहना और समर्थन मिला है।
कथन-II:
यह पुरस्कार नैतिक मूल्यों के साथ-साथ धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देने में गीता प्रेस के महत्त्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करता है। ये ऐसे आदर्श हैं जो महात्मा गांधी को अतिप्रिय थे।

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II ग़लत है
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है

**139. निम्नलिखित बातों के संदर्भ में विचार कीजिये:**

1. संविधान का स्रोत
2. भारतीय राज्य की प्रकृति
3. इसके उद्देश्यों का विवरण
4. इसके अंगीकार की तिथि

**उपर्युक्त में से कितनी बातों का उल्लेख भारतीय संविधान के प्रस्तावना में किया गया है ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**नोट :**

**140. पंचायती राज संस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य विधानमंडल किसी पंचायत को कर, शुल्क, टोल और शुल्क लगाने, एकत्र करने तथा उसके वितरण करने के लिये अधिकृत कर सकती है।
2. राज्य विधानमंडल में राज्य के समेकित निधि का उपयोग करके पंचायतों को सहायता अनुदान आवंटित करने का प्रावधान है।
3. राज्य के राज्यपाल द्वारा, प्रति पाँच वर्ष के बाद पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिये एक वित्त आयोग का गठन किये जाने का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**141. 'राज्य विधानमंडल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिषद की अधिकतम शक्ति राज्य विधानसभा की कुल सदस्य संख्या की एक-तिहाई निर्धारित होती है।
2. राज्य विधानसभा लोकसभा की तरह एक स्थायी सदन है।
3. विधानसभा का कार्यकाल राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि के दौरान संसद के कानून द्वारा केवल एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**142. 'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFCCC एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संधि है जिसका उद्देश्य ओज़ोन क्षयकारी पदार्थों की वायुमंडलीय सांद्रता को कम करना है।
2. पार्टियों के सम्मेलन (COP) को सर्वोच्च निर्णय लेने वाला प्राधिकरण और कन्वेंशन का "सर्वोच्च निकाय" माना जाता है।
3. कन्वेंशन दो स्थायी सहायक निकायों (SB) की स्थापना करता है, अर्थात् वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) एवं कार्यान्वयन के लिये सहायक निकाय (SBI)।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**143. निम्नलिखित गैसों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)
2. मीथेन ($CH_4$)
3. नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)
4. सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$)

**उपर्युक्त में से कितनी क्योटो प्रोटोकॉल उत्सर्जन गैस लक्ष्य में शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

नोट :

**144. 'IMF के विशेष आहरण अधिकार ( SDR )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SDR एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे IMF द्वारा अपने सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार के पूरक के लिये बनाया गया है।
2. SDR कोई मुद्रा नहीं है, यह IMF सदस्यों की स्वतंत्र रूप से उपयोग योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है।
3. SDR का मूल्य पाँच मुद्राओं पर आधारित है - यूएस डॉलर, यूरो, चीनी रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमे से कोई नहीं

**145. निम्नलिखित अधिनियमों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872
2. संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम 1882
3. भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932
4. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872

**उपर्युक्त में से कितने भारतीय कानून अधिकांश नागरिक मामलों में एक समान संहिता का पालन करते हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**146. 'क्वाड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. "क्वाड" से तात्पर्य चतुर्भुज सुरक्षा संवाद से है, यह एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है।
2. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था क्वाड के सदस्य देशों की प्रमुख विशेषता है।
3. ऐसा माना जाता है क्वाड की स्थापना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव की प्रतिक्रिया के रूप में की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**147. क्रय शक्ति समता ( PPP ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. क्रय शक्ति समता (Purchasing Power Parity- PPP) विभिन्न देशों के बीच आर्थिक उत्पादकता और जीवन स्तर की तुलना करने के लिये उपयोग की जाने वाली एक विधि है।
2. पीपीपी गणना के लिये विनिमय दरों को समायोजित किया जाता है ताकि अन्य देशों में उपभोक्ता अपनी क्रय शक्ति के बराबर उत्पादों और सेवाओं की समान मात्रा खरीद सकें।
3. पीपीपी गणना में विभिन्न देशों में लोगों की वास्तविक क्रय शक्ति को प्रभावित करने वाले कारकों, जैसे गुणवत्ता असमानता, उपभोक्ता प्राथमिकता में भिन्नताएँ और अन्य कारको को निश्चित तौर पर शामिल नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

नोट :

**148. 'अफ्रीकी संघ ( AU )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अफ्रीकी संघ एक महाद्वीपीय संघ है जिसमें अफ्रीकी महाद्वीप के अतिरिक्त अन्य महाद्वीपों के भी सदस्य राष्ट्र शामिल हैं।
2. अफ्रीकी संघ की घोषणा लीबिया के सिर्ते शहर में सिर्ते घोषणा में की गई थी।
3. अफ्रीकी संघ (AU) का उद्देश्य अफ्रीकी एकता संगठन (OAU) को प्रतिस्थापित करना था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**149. नगा-कुकी संघर्ष के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कुकी एक जातीय समूह है जिसमें मूल रूप से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जैसे मणिपुर, मिज़ोरम और असम में रहने वाली कई जनजातियाँ शामिल हैं।
2. कुकी किसी जातीय समूह द्वारा गढ़ा गया शब्द नहीं है, औपनिवेशिक शासन के तहत इससे जुड़ी जनजातियों को सामान्यत: कुकी कहा जाने लगा।
3. नगा-कुकी संघर्ष मुख्य रूप से पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावों के मुद्दों से संबंधित है क्योंकि कुकी लोगों द्वारा बसाए गए कुछ क्षेत्र नगा लोगों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों से अधिव्यापित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**150. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान के अनुसार प्रत्येक राज्य को बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से रक्षा करना राष्ट्रपति का कर्त्तव्य है।
2. संघ को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप है।
3. भारत के संविधान का भाग XVIII आपातकालीन प्रावधान से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?t ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नही

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

पश्चिम एशिया उत्तरी अफ्रीका (WANA) क्षेत्र की विशेषता उच्च जनसंख्या वृद्धि, कम और अनियमित वर्षा, सीमित कृषि योग्य भूमि एवं गंभीर रूप से सीमित जल संसाधन हैं।

कथन-II:

ओटोमन साम्राज्य के पतन के बाद से और विशेष रूप से इज़राइल के निर्माण के बाद से यह क्षेत्र संघर्ष में है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, और कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II ग़लत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

धर्मनिरपेक्षता एक राजनीतिक अवधारणा है जिसका उद्देश्य एक ऐसे राज्य और समाज का निर्माण करना है इसमें धर्म की स्वतंत्रता तथा आस्था अथवा विश्वास के आधार पर गैर-भेदभाव के सिद्धांत निहित हैं। धर्मनिरपेक्षता की अवधारण यह सुनिश्चित करती है कि व्यक्तियों को किसी विशेष धर्म अथवा मान्यताओं को अपनाने के लिये बाध्य नहीं किया जाए।

कथन-II:

42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द को प्रस्तावना में शामिल किया गया, इसके द्वारा यह पुष्टि की गई कि भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**153. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

महात्मा गांधी और मिस्र के क्रांतिकारी साद ज़घलौल दोनों ने आधुनिक समय में ब्रिटिश औपनिवेशिक नियंत्रण से मुक्ति की मांग की थी।

कथन-II:

वर्ष 1961 में, भारत और मिस्र ने यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया तथा घाना के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना की।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**154. 'स्वेज़ नहर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वेज़ नहर भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ती है।
2. यह अटलांटिक महासागर तथा भारतीय एवं पश्चिमी प्रशांत महासागरों के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा मार्ग है।
3. यह अफ्रीका के केप ऑफ़ गुड होप की ओर से घूमकर जाने की अनिवार्यता का एक विकल्प प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**155. निम्नलिखित में से कौन-सा रक्षा अभ्यास भारत और रूस के बीच आयोजित किया जाता है?**

A. इंद्र
B. मालाबार
C. संप्रति
D. धर्म गार्जियन

**156. राज्य वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य वित्त आयोग वर्ष 1992 के 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. यह राज्य सरकार को पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय अंतरण की सलाह देता है।
3. नगर पालिकाएँ और नगर परिषदें राज्य वित्त आयोग के अधिकार क्षेत्र में काम करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**157. धर्मनिरपेक्षता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अशोक ने अपने 12वें शिलालेख में न केवल सभी धार्मिक संप्रदायों के प्रति सहिष्णुता की अपील की बल्कि उनके प्रति अत्यधिक सम्मान की भावना विकसित करने की भी अपील की थी।
2. मध्ययुगीन भारत में सूफ़ी और भक्ति आंदोलन विभिन्न समुदायों के लोगों को प्रेम एवं शांति के माध्यम से जोड़ता हैं।
3. मध्ययुगीन भारत में धार्मिक सहिष्णुता एवं पूजा करने की स्वतंत्रता अकबर के अधिकार में आने वाले राज्यों की पहचान थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**158. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:
संसद सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों को कम करने के लिये अधिकृत नहीं है।
कथन-II:
भारत का मुख्य न्यायाधीश कार्यपालिका के किसी भी हस्तक्षेप के बिना सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**159. दिल्ली सल्तनत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दिल्ली सल्तनत दिल्ली में स्थित एक इस्लामी साम्राज्य था और यह भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से तक विस्तृत था।
2. ग़ुलाम वंश, जिसे मामलुक वंश के नाम से भी जाना जाता है, दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला पहला मुस्लिम वंश था।
3. ग़ुलाम वंश की स्थापना का श्रेय कुतुबुद्दीन ऐबक को दिया जाता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**160. 'दक्षिण-पश्चिम मानसून' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हिंद महासागर, विशेष रूप से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का गर्म जल, दक्षिण पश्चिम मानसून का स्रोत है।
2. भारत के अधिकांश हिस्सों में कुल वार्षिक वर्षा में दक्षिण पश्चिम मानसून का लगभग 70-90% योगदान होता है।
3. भारत में सितंबर के आसपास से दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे ख़त्म हो जाता है और अक्तूबर तक दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**161. राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन ( NOAA ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन एक अमेरिकी वैज्ञानिक और नियामक एजेंसी है।
2. NOAA उपकरणों और डेटा संग्रह नेटवर्क के साथ पृथ्वी प्रणालियों की निगरानी एवं निरीक्षण करता है।
3. एडवांस वैरी हाई-रिज़ॉल्यूशन रेडियोमीटर (AVHRR) राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (NOAA) के ध्रुवीय परिक्रमा पर्यावरण उपग्रहों (POES) पर लगाया गया एक सेंसर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**162. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

लोकसभा कोई निरंतर चलने वाला सदन नहीं है। इसका सामान्य कार्यकाल आम चुनाव के बाद अपनी पहली बैठक की तारीख से लेकर पाँच वर्ष है, जिसके बाद यह स्वत: भंग हो जाता है।

कथन-II:

राष्ट्रपति को पाँच वर्ष पूर्ण होने से पहले किसी भी समय लोकसभा को भंग करने का अधिकार है और इसे न्यायलय में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, एवं कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, एवं कथन-II कथन-1 के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**163. निम्नलिखित वैज्ञानिकों पर विचार कीजिये:**

1. कैरोलिन आर. बर्टोज़ी
2. मोर्टन मेल्डल

**नोट :**

3. के. बैरी शार्पलेस
4. एंटोन ज़िलिंगर

**उपर्युक्त में से कितनों को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार, 2022 से सम्मानित किया गया है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**164. भारत-अमेरिका संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जनरल इलेक्ट्रिक (GE) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारत में GE एयरोस्पेस के F414 इंजन के संयुक्त निर्माण समझौता भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ है।
2. भारत ने अमेरिका से C-130 और C-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान खरीदे हैं।
3. भारत ने अमेरिका से S-400 ट्रायम्फ मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**165. निम्नलिखित मापदंडों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षण, शिक्षा और संसाधन
2. स्नातक परिणाम
3. अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास
4. आउटरीच और समावेशिता
5. समकक्ष अनुभूति

**उपर्युक्त में से कितने मापदंडों को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) रैंकिंग मीट्रिक पर ध्यान में रखा जाता है?**

A. केवल दो
B. केवल तीन
C. केवल चार
D. सभी पाँच

**166. 'राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति तभी अध्यादेश जारी कर सकता है जब संसद के दोनों सदन सत्र में न हों अथवा जब संसद के दोनों सदनों में से कोई एक भी सदन सत्र में न हो।
2. कूपर मामले, वर्ष 1970 में, सर्वोच्च न्यायलय ने माना कि अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की संतुष्टि पर दुर्भावना के आधार पर न्यायलय में सवाल नहीं उठाया जा सकता है।
3. संसद द्वारा अनुमोदन न मिलने की स्थिति में किसी अध्यादेश की अधिकतम अवधि छह माह और छह सप्ताह हो सकती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**167. 'कर्मचारी पेंशन योजना ( EPS )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर्मचारी पेंशन योजना का प्रबंधन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा किया जाता है।
2. इस पेंशन फंड में पीएफ कॉर्पस के लिये नियोक्ता के योगदान का 8.33% जमा होना प्रस्तावित है।
3. ऐसे कर्मचारी जो EPF के सदस्य हैं वे स्वत: ही EPS के सदस्य बन जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

**168. कर्मचारी भविष्य निधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कर्मचारी भविष्य निधि की शुरुआत वर्ष 1951 में कर्मचारी भविष्य निधि अध्यादेश की घोषणा के साथ हुई थी।
2. कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 तथा इस अधिनियम के तहत बनाई गई योजनाओं को एक त्रिपक्षीय बोर्ड द्वारा प्रशासित किया जाता है जिसे केंद्रीय न्यासी बोर्ड के रूप में जाना जाता है।
3. केंद्रीय न्यासी बोर्ड तीन योजनाएँ EPF योजना 1952, पेंशन योजना 1995 (EPS) और बीमा योजना 1976 (EDLI) संचालित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**169. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति स्पॉट फिक्सिंग कांड के बाद IPL और BCCI में अनियमितताओं की जाँच से संबंधित है?**

A. मुदगल समिति
B. संथानम समिति
C. कस्तूरीरंगन समिति
D. नरसिम्हन समिति

**170. राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ( NIRF ) 2023 से संबंधित निम्नलिखित नए पहलुओं/तत्त्वों पर विचार कीजिये:**

1. एक विषय अर्थात् कृषि और संबद्ध क्षेत्र की शुरुआत।
2. "वास्तुकला" के दायरे का "वास्तुकला और योजना" तक विस्तार।
3. "नवाचार" रैंकिंग का एकीकरण।
4. औद्योगिक रसायन शास्त्र पर आधारित पृथक संस्थान की शुरूआत।

**उपर्युक्त में से कितने को भारत रैंकिंग के 2023 संस्करण के विशिष्ट परिवर्द्धन के रूप में शामिल किया गया है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**171. सिविल सेवाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के संविधान का भाग XIV संघ और राज्य के तहत सिविल सेवाओं से संबंधित है।
2. अनुच्छेद 311 के तहत दिये गए सुरक्षात्मक सुरक्षा उपाय सिविल सेवकों और रक्षा कर्मियों दोनों पर लागू होते हैं।

नोट :

3. बर्खास्तगी के मामले में, एक व्यक्ति को हमेशा के लिये रोज़गार से प्रतिबंधित कर दिया जाता है, लेकिन निष्कासन के मामले में उसे भविष्य में रोज़गार से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**172. 'अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की शक्ति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक अध्यादेश संसद के अधिनियम के समान ही संवैधानिक सीमा के अधीन है।
2. संसद के अवकाश के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गए प्रत्येक अध्यादेश को संसद के पुनः समवेत होने पर दोनों सदनों के समक्ष रखा जाना चाहिये।
3. राष्ट्रपति की अध्यादेश बनाने की शक्ति एक विवेकाधीन शक्ति नहीं है साथ ही वह केवल प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की सलाह पर अध्यादेश को प्रख्यापित या वापस ले सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई नहीं

**173. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (संशोधन) अध्यादेश, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अध्यादेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 में संशोधन की मांग की जा रही है।
2. इस अध्यादेश का उद्देश्य दिल्ली के उपराज्यपाल को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं के प्रशासन की अधिक शक्ति प्रदान करना है।
3. राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (NCCSA) एक नया वैधानिक निकाय है जो ट्रांसफर पोस्टिंग, निगरानी और अन्य संबंधित मामलों के संबंध में उपराज्यपाल को सिफारिशें करने के लिये उत्तरदायी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**174. 'ला नीना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ला नीना घटना तब होती है जब पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में जल का तापमान सामान्य से तुलनात्मक रूप से ठंडा हो जाता है।
2. ला नीना के कारण पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर एक मज़बूत उच्च दबाव उत्पन्न होता है।
3. ला नीना की घटनाएँ और दक्षिणपूर्वी अफ्रीका तथा उत्तरी ब्राज़ील में सामान्य से अधिक बारिश आपस में संबंधित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

नोट :

**175. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ( CPI ) मुद्रास्फीति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खुदरा मुद्रास्फीति वह दर है जिस पर उपभोक्ताओं द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिये खरीदी जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में वृद्धि हो जाती हैं, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) मुद्रास्फीति के रूप में भी जाना जाता है।
2. यह आम तौर पर घरेलू उपयोग के लिये खरीदी जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं की लागत में बदलाव को मापता है।
3. शहरी गैर-मैनुअल कर्मचारियों (UNME) के लिये CPI को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**176.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

भारत सरकार ने राज्यों को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (NAFED) से पीएम-पोषण योजना के माध्यम से मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिये दालें प्राप्त करने की सलाह दी है।

कथन-II:

सरकार राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (NAFED) के माध्यम से दालों के बफर स्टॉक को बनाए रखती है और अपेक्षा करती है कि राज्यों को उनसे खरीदनी चाहिये ताकि बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं तथा छात्रों के लिये रियायती दरों का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II के लिये कथन-I सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II के लिये कथन-I सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**177. निम्नलिखित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक( CPI ) पर विचार कीजिये:**

1. औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI
2. कृषि श्रमिक (AL) के लिये CPI
3. ग्रामीण मजदूरों (RL) के लिये CPI
4. CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)

**उपर्युक्त में से कितने का संकलन श्रम और रोज़गार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा किया गया है ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**178. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्र वर्ष 1974 में वॉटरगेट स्कैंडल से जुड़ा है ?**

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. यूनाइटेड किंगडम

C. फ्रांस

D. जर्मनी

नोट :

**179. निम्नलिखित राष्ट्रों पर विचार कीजिये:**

1. ताइवान
2. फिलिपींस
3. ब्रुनेई
4. मलेशिया

**उपर्युक्त में से कितनों राष्ट्रों का दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन के साथ विवाद है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**180. डीक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DNA दो जुड़े हुए तन्तुनुमा अणुओं बना होता है जो एक दूसरे के चारों ओर घूमते हुए एक मुड़ी हुई सीढ़ी के समान होते हैं, इस आकार को डबल हेलिक्स के रूप में जाना जाता है।
2. प्रत्येक तंतुओं में कृत्रिम मधुरक (डीऑक्सीराइबोज़) और फॉस्फेट समूहों से बनी रीढ़ होती है।
3. दोनों तंतु रासायनिक बंधों से जुड़े होते हैं जिन्हें बेस कहते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**181. निम्नलिखित में से कौन-सा नाइट्रोजनस तत्त्व डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) में नहीं पाया जाता है?**

A. एडेनिन A.
B. साइटोसिन C.
C. गुआनिन (G)
D. यूरैसिल (U)

नोट :

## व्याख्या

1.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ( India Meteorological Department- IMD) ने मानसून के दृष्टिकोण को अद्यतन किया है और मध्य प्रशांत क्षेत्र में ऊष्ण घटना अल नीनो के विकास की भविष्यवाणी की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने वर्ष 1997 में मज़बूत एल नीनो घटना का सामना किया लेकिन सकारात्मक IOD के प्रभाव के कारण भारत में 2% अधिक वर्षा हुई।
- अल नीनो सामान्यत: 10 में से छह वर्षों में पश्चिम, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के पश्चिमी भागों में विशेषकर जुलाई एवं अगस्त के दौरान कम वर्षा होने से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**

2.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हिंद महासागर द्विध्रुव, हिंद महासागर को प्रभावित करने वाला एक जलवायु स्वरुप है। सकारात्मक चरण के दौरान गर्म जल को हिंद महासागर के पश्चिमी भाग में विस्थापित हो जाता है, जबकि पूर्वी हिंद महासागर में गहरा ठंडा जल सतह पर आता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- IOD से जुड़े समुद्री स्तर के बदलावों से तटीय बाढ़ और संबंधित प्रभावों के खतरे भी बढ़ सकते हैं।
- IOD के सकारात्मक चरण के दौरान अफ्रीका के तट पर उच्च तापमान ऑस्ट्रेलिया में भारी बारिश और सूखे का कारण बनता है। **अत: कथन 2 सही है।**

3.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- तुर्किये परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह में भारत के प्रवेश का विरोध करने वाले कुछ देशों में से एक था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- तुर्किये को किये जाने वाले प्रमुख भारतीय निर्यात में मध्यम तेल और ईंधन, मानव निर्मित तंतु तथा स्टेपल फाइबर, ऑटोमोटिव स्पेयर पार्ट्स एवं सहायक उपकरण, जैविक रसायन आदि शामिल हैं।
- अफगानिस्तान तथा मध्य एशिया में शांति और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत तथा तुर्किये के साझा हित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

4

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- प्रवर्तन निदेशालय (ED) बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख प्रवर्तन निदेशक हैं जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- प्रवर्तन निदेशालय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ग्राफीन विश्व का सबसे पतला, सबसे मज़बूत और बिजली और गर्मी दोनों का सबसे प्रवाहकीय पदार्थ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह गैसों हेतु अभेद्य है, यहाँ तक कि हाइड्रोजन और हीलियम जैसी हल्की गैसों के लिये भी।

नोट :

- यह ताँबे की तुलना में बिजली का बेहतर संचालन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह स्टील से 200 गुना मज़बूत लेकिन छह गुना हल्का है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह लगभग पूरी तरह से पारदर्शी है क्योंकि यह केवल 2% प्रकाश को अवशोषित करता है।

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान, संसद जब सत्र में नहीं होती है और राष्ट्रपति संतुष्ट है कि परिस्थितियों में अध्यादेश प्रख्यापित करने की आवश्यकता होती है तो राष्ट्रपति को "तत्काल कार्रवाई" के मामलों में अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- विधेयकों के पारित होने के संबंध में संविधान के प्रावधान में बिना गहन विचार-विमर्श के विधेयकों को पारित करने की शक्ति शामिल है जो कानून निर्माण में संसद की भूमिका को और कमज़ोर करते हैं।
- कार्यकारी शाखा के भीतर शक्ति की संकेंद्रता जवाबदेही और निरीक्षण को कम कर सकती है तथा संसद की सरकार पर एक जाँच के रूप में कार्य करने की शक्ति को सीमित कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जैव विविधता कई पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएँ प्रदान करती है, जैसे कि परागण, मृदा की उर्वरता, जल शोधन और जलवायु विनियमन, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने के लिये आवश्यक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- जैव विविधता का नुकसान, जो अक्सर मानव गतिविधियों जैसे आवास विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण होता है, वैश्विक पारिस्थितिक तंत्र एवं हमारे ग्रह की स्थिरता के लिये गंभीर खतरा है।
- उच्च जैव विविधता वाले पारिस्थितिक तंत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों सहित पर्यावरणीय परिवर्तनों के प्रति अधिक लचीले होते हैं, जिससे उनका संरक्षण और पुनर्संग्रहण महत्त्वपूर्ण हो जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**8.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 लैंगिक रूप से तटस्थ है और बच्चे के सर्वोत्तम हितों और कल्याण को प्रत्येक स्तर पर सर्वोपरि महत्त्व देता है ताकि बच्चे के स्वस्थ शारीरिक, भावनात्मक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को सुनिश्चित किया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- पूरे मामले की बंद कमरे में सुनवाई के दौरान कोई आक्रामक पूछताछ या बच्चे की मानहानि नहीं की जानी चाहिये।
- मामलों की बंद कमरे में सुनवाई के दौरान किसी भी आक्रामक पूछताछ या युवा का चरित्र हनन नहीं होगा।
- बच्चे की चिकित्सा परीक्षा बच्चे के माता-पिता या किसी अन्य व्यक्ति की उपस्थिति में की जानी चाहिये, जिस पर बच्चे का भरोसा या विश्वास है। **अतः कथन 2 सही है।**

**9.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कानून की उचित प्रक्रिया का मतलब कानूनी सिद्धांत है जो यह सुनिश्चित करता है कि कानून निष्पक्ष रूप से बनाए गए हैं न कि मनमाने ढंग से।

नोट :

- व्यक्तियों को कानून की उचित प्रक्रिया द्वारा न केवल मनमाने कार्यकारी कार्यों के खिलाफ बल्कि मनमाने विधायी कार्यों से भी संरक्षित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वाक्यांश "कानून की उचित प्रक्रिया" का भारतीय संविधान में कहीं भी स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**10.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सकल स्थायी पूंजी निर्माण (GFCF), एक अर्थव्यवस्था में शुद्ध निवेश है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह स्थायी पूंजी में शुद्ध वृद्धि को मापता है तथा इसमें संयंत्र, मशीनरी, भूमि सुधार एवं उपकरण खरीद, सड़कों, रेलवे, निजी आवासीय आवासों और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक भवनों के निर्माण पर खर्च शामिल है।
- GFCF सकल घरेलू उत्पाद की गणना की व्यय विधि का एक घटक है। **अतः कथन 2 सही है।**

**10.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- PM गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (NMP), सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के पोर्टल के साथ एक GIS आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसे अक्तूबर, 2021 में लॉन्च किया गया था।
- यह मल्टीमॉडल इन्फ्रास्ट्रक्चर की एकीकृत योजना से संबंधित डेटा-आधारित निर्णयों को सुविधाजनक बनाने के लिये एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (EGoS) और नेटवर्क योजना समूह (NPG) को एक संस्थागत व्यवस्था के रूप में बनाया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2021 में, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) ने एक अनूठी पहल शुरू की है जिसने एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत किया: उन्होंने सेवानिवृत्त कुत्तों (डॉग्स- Dogs) को "थेरेपी डॉग्स" के रूप में पुनः उपयोग करने हेतु एक कार्यक्रम शुरू किया।
- ये कुत्ते ITBP नेशनल ट्रेनिंग सेंटर फॉर डॉग्स एंड एनिमल्स में प्रशिक्षण पाते हैं तथा चिकित्सा उपचार प्राप्त करने वाले कर्मियों की उपचार प्रक्रिया में सहायता के साथ-साथ विशेष आवश्यकतावाले बच्चों का समर्थन करने हेतु उपयोग किये जाते हैं।

**अतः विकल्प A सही है।**

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण नहीं करते हैं, हालाँकि उनकी नियुक्ति उनके द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत का संविधान (अनुच्छेद 148) भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है।
- वह अपने पद पर बने रहने के बाद, भारत सरकार या किसी भी राज्य के अधीन, आगे के कार्यालय के लिये पात्र नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

- राजकोषीय घाटा इस बात का संकेतक है कि सरकार को अपने कार्यों को वित्तपोषित करने के लिये किस हद तक उधार लेना चाहिये और इसे देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कम राजकोषीय घाटे को राजकोषीय अनुशासन और स्वस्थ अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है।
- एक उच्च राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति, मुद्रा के अवमूल्यन और ऋण के बोझ में वृद्धि का कारण बन सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

- आपदा प्रबंधन अधिनियम में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं हेतु विशेष प्रतिक्रिया के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (National Disaster Response Force- NDRF) के गठन का वैधानिक प्रावधान हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- NDRF के प्रमुख को महानिदेशक के रूप में नामित किया गया है।
- भारत में आपदा प्रबंधन हेतु सर्वोच्च निकाय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Authority- NDMA) है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NDMA के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं।
- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल BSF, CISF, CRPF, ITBP, SSB और असम राइफल्स की बटालियनों से बना है। **अतः कथन 3 सही है।**

15.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) वह संगठन है जो भारत में फुटबॉल के खेल का प्रबंधन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- AIFF भारत की प्रमुख घरेलू क्लब प्रतियोगिता आई-लीग को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आई-लीग ने नेशनल फुटबॉल लीग की जगह ली है।
- आई-लीग के गठन का कारण खेल को पेशेवर और लोकप्रिय बनाना तथा इसे पूरे देश में प्रसारित करना था।
- आई-लीग भारतीय पुरुष संघ फुटबॉल क्लबों के लिये पेशेवर लीग है जिसे वर्ष 2007 में शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शिवालिक को बाह्य हिमालय भी कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह महान मैदानों और लघु हिमालय के बीच स्थित है।
- धौलाधर और महाभारत पर्वतमालाएँ लघु या मध्य हिमालय का हिस्सा हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कश्मीर की घाटी पीरपंजाल और हिमालय के ज़ास्कर पर्वतमाला के बीच स्थित है। **अतः कथन 3 सही है।**
- ज़ास्कर पर्वतमाला, जिसे कभी-कभी ज़ांस्कर कहा जाता है, हिमालय, दक्षिण-मध्य एशिया, उत्तरी भारत और चीन के पश्चिमी तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में एक पर्वत श्रृंखला है।

नोट :

17.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत और चीन के बीच नेपाल की रणनीतिक स्थिति ने इसे भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के लिये युद्ध का स्थल बना दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- शांति और मित्रता की संधि, 1950 भारतीय और नेपाली दोनों व्यवसायों के लिये राष्ट्रीय समाधान स्थापित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह नेपाल को भारत से हथियारों तक पहुँच भी प्रदान करता है।
- रेलवे लाइन के निर्माण की सुविधा के लिये नेपाल और भारत के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए, जो नेपाल की राजधानी काठमांडू को भारत में स्थित रक्सौल शहर से जोड़ेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

18.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मान्यता प्राप्त जनजातियाँ मणिपुर से संबंधित हैं: आइमोल, अनल, चिरु, चोटे, गंगते, इनपुई, हमार, खारम, खोइबू, कोइराओ, कोम, लमकाँग, लियाँगमाई, माओ, मारम, मरिंग, मारिंग, मोनसांग, मोयोन, पैइट, पोउमाइ, पुरुम , राल्ते, रोंगमेई (काबुई), सिमटे, सुहते, तांगखुल, ताराओ, थडौ, थंगल, वैफेई, जेमे और ज़ू। **अतः विकल्प D सही है।**

19.

उत्तर: C

व्याख्या:

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से निपटान के लिये देशों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को अपर्याप्त माना है।
- भारत वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले देशों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे से निपटान के लिये राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDCs) के रूप में प्रतिबद्धताएँ कीं।
- वर्ष 2030 तक देश का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा स्रोतों से अपनी कुल स्थापित विद्युत क्षमता का लगभग 50% प्राप्त करना है जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम हो। **अतः कथन 2 सही है।**
- COP 26 में घोषित पंचामृत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) का हिस्सा है। **अतः कथन 3 सही है।**

20.

उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 2022-23 के लिये RBI की मुद्रा और वित्त रिपोर्ट, जिसका शीर्षक "टुवड्र्स अ ग्रीनर क्लीन इंडिया" है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह जलवायु परिवर्तन और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को संबोधित करने के लिये केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह रिपोर्ट पिछली रिपोर्टों के अद्यतन के रूप में कार्य करती है, चिंताओं को दूर करती है और जलवायु परिवर्तन के प्रति RBI की प्रतिक्रिया को रेखांकित करती है।

- RBI का उद्देश्य आर्थिक विकास, मुद्रास्फीति और शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था में संक्रमण के बीच व्यापार संबंधी चुनौतियों को समझने के लिये एक व्यापक ढाँचा प्रदान करना है। **अत: कथन 3 सही है।**
- रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों की एक विस्तृत शृंखला शामिल है और केंद्रीय बैंक की भविष्य की योजनाओं एवं कार्यों का समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सेबी विनियमन, जो वर्ष 2014 में लागू हुआ, यह स्थापित करता है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र के भीतर स्वतंत्र निदेशक (Independent Directors- ID) अधिकतम दो लगातार पाँच वर्ष के कार्यकाल हेतु बोर्ड में सेवा करने तक सीमित हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अंतर्संबंधित वैश्विक भू-राजनीतिक गतिशीलता न केवल वैश्विक व्यापार परिदृश्य को प्रभावित करते हैं बल्कि राष्ट्रीय कारोबारी वातावरण पर भी सामान प्रभाव डालते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वैश्विक भू-राजनीतिक गतिशीलता, आर्थिक रुझान, सामाजिक बदलाव, पर्यावरण संबंधी चिंताओं और तकनीकी प्रगति से राष्ट्रीय व्यवसाय तेज़ी से प्रभावित हो रहे हैं।
- भूसामाजिक कारकों में सामाजिक परिवर्तन, सांस्कृतिक बदलाव, जनसांख्यिकीय रुझान, उपभोक्ता व्यवहार और सामाजिक मूल्य शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू एवं वाहक मवेशियों/पशुओं के वध पर रोक लगाना तथा उनकी नस्लों में सुधार करने का उल्लेख अनुच्छेद 48 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत में किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गायों के वध पर रोक लगाने का प्रावधान गांधीवादी सिद्धांतों में शामिल सिद्धांतों की श्रेणी से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उदार-बौद्धिक सिद्धांतों के रूप में वर्गीकृत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत में आधुनिक और वैज्ञानिक आधार पर कृषि एवं पशुपालन को व्यवस्थित करने का उल्लेख किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**23.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पहला क्रांतिकारी संगठन वर्ष 1902 में मिदनापुर में ज्ञानेंद्र नाथ बसु, कलकत्ता में प्रोमोथा मित्तर के तहत और जतिंद्रनाथ बनर्जी, बरिंद्र कुमार घोष और अन्य लोगों सहित बनाया गया था।
- प्रफुल्ल चाकी और खुदीराम बोस ने वर्ष 1908 में मुज़फ्फरपुर में एक विशेष रूप से सडिस्टिक व्हाइट जज किंग्सफोर्ड की गाड़ी पर बम फेंका था।

**अत: विकल्प D सही है।**

**24.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1976 में 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़ा गया था, धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा हमारे संवैधानिक दर्शन में बहुत हद तक अंतर्निहित थी।

**नोट :**

- अन्य संवैधानिक प्रावधान धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा का विस्तार करते हैं:
- अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और सभी को कानूनों का समान संरक्षण प्रदान करता है।
- अनुच्छेद 15 धर्म, प्रजाति अथवा नस्ल, जाति, लिंग अथवा जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है।
- अनुच्छेद 16 (1) सार्वजनिक रोजगार के मामलों में सभी नागरिकों को अवसर की समानता की गारंटी देता है और दोहराता है कि धर्म, प्रजाति अथवा नस्ल, जाति, लिंग, वंश, जन्म स्थान और निवास के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा।
- अनुच्छेद 25 सभी व्यक्तियों को अंत: करण की स्वतंत्रता और धर्म के प्रकटन, अभ्यास एवं प्रचार-प्रसार की स्वतंत्रता का समान अधिकार है।
- अनुच्छेद 26 प्रत्येक धार्मिक समूह या व्यक्ति को धार्मिक एवं धर्मार्थ प्रयोजनों के लिये संस्थाओं की स्थापना, अनुरक्षण करने और धर्म के मामलों में अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है।
- अनुच्छेद 27 किसी भी नागरिक को किसी विशेष धर्म या धार्मिक संस्था के प्रचार या रखरखाव के लिये किसी भी कर का भुगतान करने के लिये बाध्य नहीं करेगा।
- अनुच्छेद 28 विभिन्न धार्मिक समूहों द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण संस्थानों में धार्मिक शिक्षा देने की अनुमति देता है।
- अनुच्छेद 29 अल्पसंख्यकों की सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करता है।
- अनुच्छेद 30 सभी अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की रक्षा करता है।

**अत: विकल्प B सही है।**

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- राज्य सभा एक स्थायी निकाय है तथा इसे भंग नहीं किया जा सकता। **अत: कथन 1 सही है**
- इनकी सीटें प्रत्येक तीसरे वर्ष के आरंभ में नए चुनावों और राष्ट्रपति पद के नामांकन से भरी जाती हैं।
- राज्य सभा के एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष सेवानिवृत्त होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- संविधान में राज्य सभा के सदस्यों की पदावधि निर्धारित नहीं है और इसे संसद पर छोड़ दिया है।
- सेवानिवृत्त होने वाले सदस्य कितनी भी बार पुनर्निर्वाचन और नामांकन के पात्र होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एक व्यक्ति एक ही समय में संसद के दोनों सदनों का सदस्य नहीं हो सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसी तरह एक व्यक्ति एक ही समय में संसद और राज्य विधानमंडल दोनों का सदस्य नहीं हो सकता है।
- यदि कोई व्यक्ति संसद के दोनों सदनों के लिये चुना जाता है, तो उसे 10 दिनों के भीतर सूचित करना होगा कि वह किस सदन में सेवा करना चाहता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार निर्वाचित हो जाता है, तो संसद में उसकी सीट रिक्त हो जाती है यदि वह 14 दिनों के भीतर राज्य विधानमंडल में अपनी सीट से इस्तीफा नहीं देता है।
- यदि कोई व्यक्ति किसी सदन में दो सीटों हेतु चुना जाता है, तो उसे एक के लिये अपने विकल्प का प्रयोग करना चाहिये। नहीं तो दोनों सीटें खाली हो जाती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लोकसभा अध्यक्ष के वेतन एवं भत्ते भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं और इस प्रकार संसद के वार्षिक मतदान के अधीन नहीं होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- लोकसभा अध्यक्ष के कार्य और आचरण की लोकसभा में मूल प्रस्ताव के अतिरिक्त चर्चा और आलोचना नहीं की जा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लोकसभा के अध्यक्ष पहली बार में मतदान नहीं कर सकते हैं। मत बराबर होने की स्थिति में ही वह निर्णायक मत का प्रयोग कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह अध्यक्ष की स्थिति को निष्पक्ष बनाता है।

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- 'कानून के समक्ष समानता' की अवधारणा 'कानून के शासन' की अवधारणा का एक तत्त्व है, जिसे जिसे ए.वी. डाइसी द्वारा प्रतिपादित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'कानून के समक्ष समानता' की अवधारणा ब्रिटिश मूल की है जबकि 'कानूनों के समान संरक्षण' की अवधारणा अमेरिकी संविधान से ली गई है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अनुच्छेद 14 में सन्निहित 'कानून का शासन' संविधान की 'मूल विशेषता' है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कानून के समक्ष समानता का नियम पूर्ण नहीं है और इसके संवैधानिक और अन्य अपवाद हैं।
    - इनमें से कुछ अपवादों में शामिल हैं: भारत के राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपालों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 के अनुसार प्रतिरक्षा प्राप्त है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**29.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- प्रख्यात विधिवेत्ता एन. ए. पालखीवाला द्वारा प्रस्तावना को 'संविधान का पहचान पत्र' कहा गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह भारत को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और गणतांत्रिक राज्य घोषित करता है।
- प्रस्तावना में कहा गया है कि संविधान भारत के लोगों से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके अनुसार संविधान को अपनाने की निर्दिष्ट तारीख 26 नवंबर, 1949 है।
- इसके अनुसार संविधान का उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्त्व को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**30.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नेशनल संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF), 2022 देश भर में संस्थानों को रैंक प्रदान करने हेतु एक पद्धति की रूपरेखा तैयार करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) बेंगलुरु ने विश्वविद्यालय श्रेणी में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।
- आईआईटी-मद्रास लगातार चौथे वर्ष समग्र श्रेणी में शीर्ष पर रहा है और इंजीनियरिंग में लगातार सातवें वर्ष। **अतः कथन 2 सही है।**
- जामिया मिलिया इस्लामिया ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय को हटाकर पिछले वर्ष 6वें स्थान से 3वें स्थान पर अपनी स्थिति में सुधार किया है जो अब 6वें स्थान पर आ गया है।
- नेशनल संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF), 2022 शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के मूल्यांकन, 2022 में पाँच मापदंड शामिल हैं:

नोट :

- शिक्षण, शिक्षा और संसाधन (Teaching, Learning and Resources-TLR)
- अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research and Professional Practices-RP)
- स्नातक परिणाम (Graduation Outcomes-GO)
- आउटरीच और समावेशिता (Outreach and Inclusivity-OI)
- समकक्ष अनुभूति (Peer Perception) **अतः विकल्प D सही है।**

**32.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वैश्विक सभ्यता पहल चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा प्रस्तावित है।
- यह अनेक चुनौतियों और संकटों से घिरे विश्व में मानव समाज के सामान्य विकास और प्रगति में नई और सुदृढ़ ऊर्जा का संचार करेगा। **अतः विकल्प A सही है।**

**33.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह बंजुल फॉर्मूला वर्ष 2006 में अफ्रीकी यूनियन (AU) द्वारा अपनाया गया था और इसका मतलब था कि भारत अफ्रीकी यूनियन के माध्यम से भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन में केवल 15 राष्ट्राध्यक्षों या सरकार को आमंत्रित करेगा। **अतः विकल्प B सही है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कवच प्रणाली की घोषणा वर्ष 2022 के केंद्रीय बजट में आत्मनिर्भर भारत पहल के एक भाग के रूप में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) उपकरणों का एक सेट है जो लोकोमोटिव तथा सिग्नलिंग सिस्टम के साथ-साथ पटरियों में भी स्थापित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वे ट्रेनों के ब्रेक को नियंत्रित करने के लिये अल्ट्रा हाई रेडियो फ्रीक्वेंसी का उपयोग करके एक-दूसरे से जुड़ते हैं तथा ड्राइवरों को सतर्क भी करते हैं, ये सभी प्रोग्राम के आधार पर होते हैं।
- इसमें भविष्य में हाई-टेक यूरोपीय ट्रेन कंट्रोल सिस्टम लेवल-2 जैसी विशेषताएँ भी होंगी। **अतः कथन 3 सही है।**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 244 के तहत छठी अनुसूची स्वायत्त प्रशासनिक प्रभागों स्वायत्त ज़िला परिषदों (Autonomous District Councils-ADCs) के गठन का प्रावधान करती है, इनके पास राज्य के भीतर कुछ विधायी, न्यायिक एवं प्रशासनिक स्वायत्तता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम जैसे चार उत्तर-पूर्वी राज्यों में आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन हेतु विशेष प्रावधान हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्यपाल को स्वायत्त ज़िलों को संगठित और पुनर्गठित करने का अधिकार है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- PM-KUSUM योजना को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2019 में शुरू किया गया था ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑफ-ग्रिड सौर पंपों की स्थापना की जा सके और ग्रिड से जुड़े क्षेत्रों में ग्रिड पर निर्भरता कम हो सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- इसका उद्देश्य किसानों को उनकी शुष्क भूमि पर सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने और इसे विद्युत ग्रिडों को बेचने में सक्षम बनाना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत तक पहुँच में वृद्धि करने और कृषि तथा अन्य ग्रामीण गतिविधियों के लिये ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत प्रदान करने की उम्मीद है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विपक्ष का नेता सदन में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी का नेता होता है, जिसके पास कुल सीटों की संख्या का कम से कम दसवाँ हिस्सा होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रपति एक समिति की सिफारिश के आधार पर मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति करता है जिसमें लोकसभा से विपक्ष के नेता सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली एक समिति की सिफारिशों पर की जाती है तथा इसमें राज्य सभा के उपसभापति, विपक्ष के नेता, राज्य सभा, लोकसभा के अध्यक्ष, विपक्ष के नेता, लोकसभा और केंद्रीय गृह मंत्री शामिल होते है। **अतः कथन 3 सही है।**

**38.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान का भाग XI विधायी और प्रशासनिक क्षेत्रों में संघ एवं राज्यों के बीच संबंधों से संबंधित है, जिसमें उनकी विधायी तथा कार्यकारी शक्तियों की सीमा व सहयोग के प्रावधान शामिल हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

**39.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- यदि सदन की कार्यवाही प्रक्रिया संबंधी सामान्य नियमों का पालन नहीं करती है तो कोई सदस्य व्यवस्था का प्रश्न उठा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सामान्यतः यह सरकार को नियंत्रित रखने के लिये विरोधी दल के सदस्य द्वारा उठाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक असाधारण साधन है क्योंकि इससे सदन की कार्यवाही स्थगित हो जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सहयोग के लिये छह क्षेत्र वैज्ञानिक अनुसंधान और विकास, क्वांटम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा नवाचार, अंतरिक्ष, उन्नत दूरसंचार हैं जिसमें 6G और अर्धचालक जैसी वस्तु शामिल होंगी। **अतः विकल्प D सही है।**

**41.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान में दो प्रावधान हैं जो राजनीतिक समानता हासिल करना चाहते हैं।
- किसी भी व्यक्ति को धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर मतदाता सूची में शामिल करने के लिये अपात्र घोषित नहीं किया जाना चाहिये (अनुच्छेद 325)। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार के आधार पर होंगे (अनुच्छेद 326)। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत (अनुच्छेद 39) पुरुषों और महिलाओं को आजीविका के पर्याप्त साधन और समान काम के लिये समान वेतन के समान अधिकार को सुरक्षित करके आर्थिक समानता को बढ़ावा दे रहे हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हवाई में मौना लोआ में नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) की वेधशाला के अनुसार, मई 2023 में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर पिछले वर्ष मई में 421 PPM से बढ़कर 424 PPM का नया उच्च स्तर दर्ज किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस एजेंसी के आँकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 1970 के दशक तक कार्बन सांद्रता लगभग 1 PPM प्रति वर्ष की दर से बढ़ी है।
- पूर्व-औद्योगिक युग की तुलना में वर्तमान कार्बन स्तर 50% अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ग्लोबल स्टॉक टेक पेरिस समझौते का एक महत्त्वपूर्ण जनादेश है, जिसका उद्देश्य समझौते द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं देशों द्वारा की गई वास्तविक जलवायु कार्रवाइयों के बीच अंतर का आकलन करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- "पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन प्लस (OPEC+)" 23 देशों का एक समूह है जिनमें से 13 देश पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन से संबद्ध हैं और शेष 10 देश गैर-OPEC हैं जिसमे रूस भी शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- OPEC विश्व के कच्चे तेल का लगभग 40% उत्पादन करता है और कच्चे तेल के दामों के संदर्भ में सबसे प्रभावशाली निकाय है।
- सऊदी अरब OPEC के अंतर्गत सबसे बड़ा तेल उत्पादक और विश्व स्तर पर सबसे बड़ा तेल निर्यातक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वैश्विक तेल उत्पादन में पर्याप्त हिस्सेदारी के कारण कच्चे तेल की कीमतों को निर्धारित करने में "OPEC+" महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**44.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विधि आयोग ने सिफारिश की है कि राजद्रोह के अपराध को कुछ सुरक्षा उपायों के साथ भारतीय दंड संहिता (IPC) में बनाए रखा जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- राजद्रोह को एक अपराध के रूप में परिभाषित करती है जिसका उद्देश्य कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा, अवमानना या असंतोष लाने या लाने का प्रयास करने वाले भाषण या लेखन को दंडित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राजद्रोह कानून मूल रूप से वर्ष 1837 में थॉमस मैकाले द्वारा तैयार किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**45.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारत में आठ प्रकार की शहरी स्थानीय सरकारें हैं:**

- नगर निगम, नगर पालिका, अधिसूचित क्षेत्र समिति, नगर क्षेत्र समिति, छावनी बोर्ड, टाउनशिप, पोर्ट ट्रस्ट और विशेष प्रयोजन एजेंसी। **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

46.

उत्तर: A

व्याख्या:

- गरीब परिवारों को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (Liquefied Petroleum Gas- LPG) सिलेंडर पर सब्सिडी का सीधा लाभ देने के लिये जून 2023 में राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित एक 'लाभार्थी उत्सव' (बेनेफिसिअरी फेस्टिवल) ने सिलेंडर की कीमतों में तेज़वृद्धि के बाद केंद्र के बहुप्रचारित उज्ज्वला योजना की विफलता को उजागर करने का दावा किया। **अतः विकल्प A सही है।**

47.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 जारी किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रदान किये गए दिशा-निर्देशों के अनुसार नियम तैयार किये गए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- नियमों का उद्देश्य पशु जन्म नियंत्रण (ABC) कार्यक्रमों के माध्यम से स्ट्रीट डॉग की नसबंदी और टीकाकरण के लिये दिशा-निर्देश प्रदान करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

- रेबीज़ एक टीका-रोकथाम योग्य वायरल ज़ूनोटिक रोग है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है।
- यह एशिया और अफ्रीका में होने वाली 95% से अधिक मानव मृत्युओं के साथ अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों पर मौजूद है।
- यह एक राइबोन्यूक्लिक एसिड (RNA) वायरस के कारण होता है जो एक पागल जंतु (कुत्ते, बिल्ली, बंदर, आदि) की लार में मौजूद होता है। **अतः विकल्प A सही है।**

49.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ऑपरेशन ब्लूस्टार भारत सरकार द्वारा सिख उग्रवादियों को हटाने हेतु चलाया गया एक सैन्य अभियान था, जिन्होंने स्वर्ण मंदिर परिसर के अंदर अपनी स्थिति को मज़बूत कर लिया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- ऑपरेशन में दो घटक ऑपरेशन मेटल और ऑपरेशन शॉप थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- ऑपरेशन मेटल मंदिर परिसर में आक्रमण से संबंधित था। **अतः कथन 3 सही है।**

50.

उत्तर: B

व्याख्या:

- नेपाल और भारत के बीच घनिष्ठ आर्थिक, सुरक्षा संबंधी और सांस्कृतिक संबंध हैं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि उनके पास औपचारिक रक्षा संबंध नहीं हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- नेपाल और भारत के बीच राजनीतिक संबंधों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है, मुख्य रूप से कालापानी क्षेत्र पर सीमा विवाद के कारण। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - दोनों देश सिलीगुड़ी और झापा के बीच पेट्रोलियम आपूर्ति पाइपलाइन के निर्माण के लिये एक समझौता ज्ञापन पर सहमत हुए। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या**

- रक्तचाप, रक्त वाहिकाओं की दीवारों पर मुख्य रूप से धमनियों में रक्त को प्रसारित करके लगाए गए बल को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- उच्च रक्तचाप "साइलेंट किलर" है और आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं। यह आपके हृदय, गुर्दे और मस्तिष्क को हानि पहुँचा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जब एल्डोस्टेरोन का स्तर बढ़ जाता है, तो यह गुर्दे द्वारा सोडियम के पुन: अवशोषण में वृद्धि करता है, जो बदले में जल प्रतिधारण को बढ़ावा देता है और रक्त की मात्रा में वृद्धि करता है तथा रक्त की मात्रा बढ़ने से उच्च रक्तचाप होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**52.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मधेसी आंदोलन नेपाल के तराई क्षेत्र में हुए विरोध प्रदर्शनों और प्रदर्शनों की एक शृंखला को संदर्भित करता है जो मुख्य रूप से मधेसी जातीय समुदाय द्वारा बसाए गए हैं। वर्ष 2015 और 2016 के बीच हुए आंदोलन का उद्देश्य प्रतिनिधित्व, संघवाद और नागरिकता से संबंधित मुद्दों सहित मधेसी लोगों की मांगों और शिकायतों को दूर करना था। **अत: विकल्प A सही है।**

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत में उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (PLI) एक सरकारी पहल है जिसका उद्देश्य पात्र कंपनियों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके विशिष्ट क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह योजना देश के मेक इन इंडिया अभियान को बढ़ावा देने और विश्व स्तर पर भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाने के लिये शुरू की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- कपड़ा क्षेत्र के लिये PLI का उद्देश्य उच्च मूल्य वाले मानव निर्मित फाइबर (MMF) के कपड़े तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 3 सही है।**

**54.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सिग्नल, आगे ट्रैक की स्थिति पर आधारित होते हैं, लाइट सिग्नल, ट्रेन को रुकने (लाल बत्ती), आगे बढ़ने (हरा), या सावधानी बरतने (पीला) का निर्देश देते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- पॉइंट, एक ट्रैक के मूवेबल सेक्शन होते हैं जो पहियों को सीधी या डायवर्जिंग लाइन की ओर गाइड करके ट्रेन को ट्रैक बदलने की अनुमति देते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- ट्रैक सर्किट, एक ट्रेन की उपस्थिति का पता लगाने के लिये पटरियों पर स्थापित विद्युत सर्किट होते हैं। ये सत्यापित करते हैं कि ट्रेन के लिये इस पर आगे बढ़ना सुरक्षित है या नहीं। **अत: कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पॉइंट्स, सिग्नल और अन्य इकाइयाँ प्राय: लीवर (levers) और पैनल (Panels) के माध्यम से संचालित होती हैं।

  इन लीवर्स (levers) के बीच इंटरलॉकिंग या तो मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रो-मैकेनिकल या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पूरा किया जाता है।

नोट :

- इंटरलॉकिंग के प्रकार:
  - मैकेनिकल इंटरलॉकिंग
  - पैनल इंटरलॉकिंग (Relay)
  - रूट रिले इंटरलॉकिंग
  - सॉलिड स्टेट इंटरलॉकिंग (SSI)

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति हेतु कोई विशिष्ट प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त होने से पहले किसी व्यक्ति को विधान सभा में अपना बहुमत साबित करना होगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्यपाल को मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति में अपने व्यक्तिगत निर्णय का प्रयोग कर सकता है जब मुख्यमंत्री की अचानक मृत्यु हो जाती है एवं कोई स्पष्ट उत्तराधिकारी नहीं होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**57.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में संसदीय सरकार की विशेषताएँ अथवा सिद्धांत निम्नलिखित हैं:
  - सांकेतिक और वास्तविक कार्यकारी
  - बहुमत पार्टी शासन
  - सामूहिक ज़िम्मेदारी
  - राजनीतिक एकरूपता
  - दोहरी सदस्यता
  - प्रधानमंत्री का नेतृत्त्व
  - निचले सदन का विघटन
  - गोपनीयता **अतः विकल्प D सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ये राज्यों में संबंधित राज्य विधानसभाओं के अधिनियमों द्वारा और केंद्र शासित प्रदेशों में भारत की संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक राज्य में सभी नगर निगमों के लिये एक सामान्य अधिनियम या प्रत्येक नगर निगम के लिये एक अलग अधिनियम हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एक नगर निगम के तीन प्राधिकरण होते हैं, अर्थात्, परिषद, स्थायी समितियाँ और आयुक्त। **अतः कथन 3 सही है।**

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसी भी व्यक्ति को भगवान या उसके रूपों के साथ अपने ढंग से अपने संबंध को बनाने की आंतरिक स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- एक व्यक्ति अपने धार्मिक विश्वासों और विश्वास को खुले तौर पर और स्वतंत्र रूप से घोषित कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- किसी के धार्मिक विश्वासों का दूसरों तक हस्तांतरण और प्रसार या किसी के धर्म के सिद्धांतों की व्याख्या धर्म के अधिकार द्वारा सुनिश्चित की जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**60.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रानी साम्राज्ञी बनाम बाल गंगाधर तिलक 1897 का मामला पहला बड़ा मामला था जिसमें बॉम्बे न्यायालय ने बाल गंगाधर तिलक को एक मराठी साप्ताहिक केसरी में कुछ लेख लिखने के लिये राजद्रोह का दोषी पाया था, जिसे ब्रिटिश सरकार के प्रति उत्तेजक असंतोष के रूप में व्याख्यायित किया गया था।

**61.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत की अर्थव्यवस्था ने विगत वर्ष 7.2% की अपेक्षा से अधिक GDP विकास दर का अनुभव किया जो महामारी-प्रेरित मंदी से महत्त्वपूर्ण सुधार का संकेत देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CEA भारतीय आर्थिक सेवा का पदेन कैडर नियंत्रक प्राधिकरण है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CEA वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग का प्रमुख है। **अत: कथन 3 सही है।**

**62.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत की अर्थव्यवस्था के लिये सकारात्मक दृष्टिकोण विभिन्न कारकों पर आधारित है, जैसे कि जनसांख्यिकीय लाभ, बढ़ता मध्यम वर्ग, खपत में वृद्धि, अनुकूल निवेश वातावरण, आर्थिक सुधारों और बुनियादी ढाँचे के विकास को बढ़ावा देने के लिये सरकार के प्रयास। **अत: विकल्प D सही है।**

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDCs) का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर एक सुदृश अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया के पेरिस समझौते के लक्ष्य में भारत के योगदान में वृद्धि करना है।
- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (Nationally Determined Contributions- NDCs)
  - COP 26 में घोषित'पंचामृत'
  - वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन
  - वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना
  - 'LiFE'- 'पर्यावरण के लिये जीवन शैली' **अत: विकल्प D सही है।**

**64.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राज्य की कार्यपालिका में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद और राज्य के महाधिवक्ता होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- सामान्यत: प्रत्येक राज्य हेतु एक राज्यपाल होता है, लेकिन 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1956 ने एक ही व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों के राज्यपाल के रूप में नियुक्त करने की सुविधा प्रदान की। **अत: कथन 2 सही है।**

- राज्यपाल न तो प्रत्यक्ष लोगों द्वारा चुने जाते हैं और न ही अप्रत्यक्ष रूप से विशेष रूप से गठित निर्वाचक मंडल द्वारा चुने जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**65.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की स्थापना की सिफारिश भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी। CBI कोई वैधानिक संस्था नहीं है। यह दिल्ली विशेष पुलिस प्रतिष्ठान अधिनियम, 1946 से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (संशोधन) अधिनियम, 2014 ने CBI के निदेशक की नियुक्ति से संबंधित समिति की संरचना में बदलाव किया। **अतः कथन 3 सही है।**

**66.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- चारों में व्यक्तिगत की गरिमा की बात की गई है।
- संविधान सभा की प्रारूप समिति के एक सदस्य के. एम. मुंशी के अनुसार, 'व्यक्ति की गरिमा' का अर्थ यह है कि संविधान न केवल वास्तविक रूप से भलाई तथा लोकतांत्रिक तंत्र की मौजूदगी सुरक्षित करता है बल्कि यह भी मानता है कि प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तित्त्व पवित्र है।'
- यह मौलिक अधिकारों और राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के कुछ प्रावधानों के माध्यम से उजागर किया गया है, जो व्यक्तियों की गरिमा सुनिश्चित करते हैं।
- मौलिक कर्तव्य (अनुच्छेद 51-A) भी यह कहकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा करता है कि यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा कि वह महिलाओं की गरिमा के लिये अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करे।
- प्रस्तावना में घोषणा की गई है कि भाईचारे को दो चीजों को सुनिश्चित करना है व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता तथा अखंडता। **अतः विकल्प D सही है।**

**67.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- मानव तस्करी, भिखारी और अन्य समान प्रकार के बलात् श्रम संविधान के अनुसार निषिद्ध हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मौलिक अधिकारों में कुछ भी राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान द्वारा यह सुरक्षा नागरिकों को न केवल राज्य बल्कि निजी नागरिकों से भी प्रदान की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**67.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- मानव तस्करी, भिखारी और अन्य समान प्रकार के बलात् श्रम संविधान के अनुसार निषिद्ध हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मौलिक अधिकारों में कुछ भी राज्य को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिये अनिवार्य सेवा लागू करने से नहीं रोकेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान द्वारा यह सुरक्षा नागरिकों को न केवल राज्य बल्कि निजी नागरिकों से भी प्रदान की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

68.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- डायबिटीज़/मधुमेह एक गैर-संचारी रोग (Non-Communicable Disease- NCD) है जो या तो तब होता है जब अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन नहीं करता है या जब शरीर अपने द्वारा उत्पादित इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- टाइप 1 मधुमेह को किशोर मधुमेह के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह ज़्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है, यह तब होता है जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- टाइप 2 डायबिटीज़ शरीर द्वारा इंसुलिन का उपयोग करने के तरीके को प्रभावित करता है। जबकि शरीर अभी भी इंसुलिन का निर्माण करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

69.

**उत्तर: B**

**व्याख्या.**

- अपने G20 अध्यक्षता के हिस्से के रूप में भारत ने स्टार्ट-अप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की शुरुआत की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने G20 डिजिटल इनोवेशन एलायंस (G20-DIA) लॉन्च किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- G20 के तहत अर्बन-20 एंगेजमेंट ग्रुप ने "कैटालिसिंग डिजिटल अर्बन फ्यूचर्स" को अपने प्राथमिकता वाले विषयों में से एक के रूप में पहचाना है।
- भारत की G20 अध्यक्षता का विषय एक पृथ्वी, एक कुटुंब और एक भविष्य है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

70.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत में सरकार का संसदीय स्वरूप विधायी और कार्यकारी निकायों के बीच परस्पर निर्भरता पर ज़ोर देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित विधेयक राष्ट्रपति की सहमति के बिना कानून नहीं बन सकता। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान की चौथी अनुसूची राज्यसभा में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सीटों के आवंटन से संबंधित है। **अत: कथन 3 सही है।**

71.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग नीति आयोग द्वारा जारी की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- समग्र प्रदर्शन के मामले में केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना क्रमश: पहले, दूसरे और तीसरे स्थान हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा विश्व बैंक के सहयोग से वर्ष 2017 में इसकी शुरुआत की थी। **अत: कथन 3 सही है।**

72.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांक रैंकिंग में राज्य सबसे नीचे हैं:
  - बिहार (19वीं),

नोट :

- उत्तर प्रदेश (18वीं)
- मध्य प्रदेश (17वीं)

- आठ छोटे राज्यों में, त्रिपुरा ने समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। **अतः विकल्प A सही है।**

**73.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी डेटा मई 2023 में हेडलाइन खुदरा मुद्रास्फीति में 4.25% की गिरावट दर्शाता है।
- रिपोर्ट बताती है कि मुद्रास्फीति अब केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से थोड़ा ऊपर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कम मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं के लिये फायदेमंद है क्योंकि इससे उनकी आय की क्रय शक्ति को बनाए रखने में सहायता मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) औद्योगिक गतिविधियों में विस्तार का संकेत देता है तथा विनिर्माण क्षेत्र में बढ़ते उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**74.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रोजर फेडरर और राफेल नडाल को पीछे छोड़ते हुए नोवाक जोकोविच, हाल ही में अपना 23वाँ ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। पुरुषों के टेनिस में सबसे बड़े खिताब का रिकॉर्ड अब उनके नाम है। **अतः विकल्प B सही है।**

**75.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री किसान मोबाइल ऐप को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित और डिज़ाइन किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह योजना उचित फसल स्वास्थ्य और उचित उपज सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न आदानों की खरीद में छोटे और सीमांत किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान की पूरी ज़िम्मेदारी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों की है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**76.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- फसलों के संतुलित विकास के लिये 6 मैक्रोन्यूट्रिएंट्स की आवश्यकता होती है।
  - नाइट्रोजन (N)
  - फास्फोरस (P)
  - पोटेशियम (K)
  - कैल्शियम A.
  - मैग्नीशियम (Mg)
  - सल्फर (S) **अतः विकल्प D सही है।**

नोट :

77.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मंडल पूर्ण नहीं था। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति का निर्वाचन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शून्य घोषित किया जाता है, तो उसके द्वारा सर्वोच्च न्यायालय की ऐसी घोषणा की तिथि से पहले किये गए कार्य अमान्य नहीं होते हैं एवं वे प्रभावी बने रहते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति के निर्वाचन के संबंध में सभी संदेहों और विवादों की जाँच एवं निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जाता है जिसका निर्णय अंतिम होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

78.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भूमध्यसागरीय संघ (UfM) यूरोपीय संघ के सभी देशों और दक्षिणी तथा पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र के 16 देशों को एकजुट करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- फ्राँस एक भूमध्यसागरीय देश है क्योंकि फ्राँस के दक्षिण में भूमध्यसागरीय समुद्र तट है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मिस्र, जहाँ विश्व की कुछ सबसे पुरानी सभ्यताएँ पाई जाती है, भूमध्यसागरीय संघ का सदस्य भी है। **अत: कथन 3 सही है।**

79.

उत्तर: D

व्याख्या:

- व्यक्तियों की गोपनीयता को उजागर करने वाली सामग्री की शिकायत प्राप्त होने के 24 घंटों के भीतर मध्यवर्ती संस्थाएँ पहुँच को हटा देंगे या अक्षम कर देंगे। **अत: कथन 1 सही है।**
- उपयोगकर्त्ताओं को मध्यवर्ती संस्था द्वारा की गई कार्यवाही पर विचार करने का पर्याप्त और उचित अवसर प्रदान किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- OTT प्लेटफॉर्मों को सामग्री को पाँच आयु-आधारित श्रेणियों में स्व-वर्गीकृत करने की आवश्यकता होगी; U (यूनिवर्सल), U/A 7+, U/A 13+, U/A 16+, और A (वयस्क)। **अत: कथन 3 सही है।**

80.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अनुच्छेद 51A के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह वैज्ञानिक सोच, मानवतावाद और जाँच और सुधार की भावना विकसित करे। इसे 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा जोड़ा गया है। **अत: विकल्प A सही है।**

81.

उत्तर: B

व्याख्या:

- CAG संसद के अधीनस्थ के रूप में संसद की ओर से व्यय का लेखा-जोखा करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपना पद धारण नहीं करता, यद्यपि उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उनका वेतन और अन्य सेवा शर्तें संसद द्वारा निर्धारित की जाती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

82.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**कठपुतली का वर्गीकरण**

- कठपुतलियों की एक विविध सरणी मौजूद है, जो सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला से तैयार की गई है और विभिन्न रूपों में उपलब्ध है। नतीजतन, यह कहना सही है कि कठपुतलियों के कई अलग-अलग प्रकार हैं। कठपुतलियों के प्रकार की सूची:
  - छाया कठपुतलियाँ
  - दस्ताने कठपुतलियाँ
  - रॉड और आर्म कठपुतलियाँ
  - उँगली कठपुतलियाँ
  - बोलने वाली कठपुतलियाँ
  - डोरी से चलाई जाने वाली कठपुतली
  - हाथ वाली कठपुतलियाँ
  - छड़ी कठपुतलियाँ
  - मोजे वाली कठपुतलियाँ **अतः विकल्प D सही है।**

83.

उत्तर: D

**व्याख्या**

- महर्षि वाल्मीकि को व्यापक रूप से महाकाव्य रामायण के लेखक के रूप में जाना जाता है। रामायण में 24,000 छंद या पंक्तियाँ हैं और इसे सात खंडों में विभाजित किया गया है जिन्हें कांड के रूप में जाना जाता है। इन कांडों के नाम इस प्रकार हैं:
  - बालकाण्ड: द चाइल्डहुड एपिसोड
  - अयोध्याकांड: द एपिसोड इन अयोध्या
  - अरण्यकाण्ड: द फॉरेस्ट एपिसोड
  - किष्किंधाकांड: द एपिसोड इन किष्किंधा
  - सुंदरकांड: द ब्यूटीफुल एपिसोड
  - युद्धकांड: द एपिसोड ऑफ द वॉर
  - उत्तराखंड: द लास्ट एपिसोड **अतः विकल्प D सही है।**

84.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- 15वाँ वित्त आयोग:
  - वित्त आयोग, एक संवैधानिक निकाय है, यह संविधान के प्रावधानों और वर्तमान मांगों के अनुसार राज्यों के बीच एवं संघीय सरकार तथा राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण हेतु विधि और सूत्रों का निर्धारण करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष अथवा उससे पहले के अंतराल पर एक वित्त आयोग का गठन किया जाना आवश्यक है। अतः कथन 2 सही नहीं है।

**नोट :**

- एन.के. सिंह की अध्यक्षता में नवंबर 2017 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा 15वें वित्त आयोग का गठन किया गया था।
- इसकी सिफारिशें वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक पाँच वर्ष की अवधि को कवर करेंगी।
  - वर्ष 2021-26 की अवधि के लिये केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41% करने की सिफारिश की गई है, जो कि वर्ष 2020-21 के बराबर है। **अतः कथन 3 सही है।**

**85.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राजकोषीय जवाबदेही और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम, 2003:
  - इसे अगस्त 2003 में अधिनियमित किया गया था।
  - इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक मैक्रो-इकोनॉमिक स्थिरता में अंतर-पीढ़ीगत इक्विटी सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह भारत में राजकोषीय अनुशासन और ऋण प्रबंधन के लिये एक विधायी ढाँचा प्रदान करता है।
  - यह राजकोषीय घाटे और ऋण-से-जीडीपी अनुपात के लिये लक्ष्य का भी निर्धारण करता है जिसका लक्ष्य दीर्घकालिक राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - सरकार के ऋण संबंधी निर्णय FRBM अधिनियम में उल्लिखित सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**86.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ICDS के तहत योजनाएँ:**

- आँगनवाड़ी सेवा योजना:
  - यह बच्चों के बचपन की देखभाल और विकास के लिये एक अनूठा कार्यक्रम है।
  - इस योजना के तहत लाभार्थी 0-6 वर्ष की आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएँ और स्तनपान कराने वाली माताएँ हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह छह सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करता है, जैसे पूरक पोषण, प्री-स्कूल गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच और रेफरल सेवाएँ।
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना:
  - यह गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माँ (PW&LM) के बैंक / डाकघर खाते में DBT (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से तीन किश्तों में 5,000 रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय क्रेच योजना:
  - यह कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को देखभाल की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यह सुविधा महीने में 26 दिनों के लिये प्रतिदिन साढ़े सात घंटे प्रदान की जाती हैं।
- किशोरियों के लिये योजना:
  - इसका उद्देश्य 11-14 आयु वर्ग की स्कूली लड़कियों को पोषण, जीवन कौशल और गृह कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना तथा उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार करना है।
- बाल संरक्षण योजना:
  - इसका उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में बच्चों के व्यवहार एवं स्वास्थ्य में सुधार करना है। इस के साथ ही उन परिस्थितियों और कार्यों के लिये कमजोरियों को कम करना है जो माता-पिता से बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा, शोषण, परित्याग और अलगाव की ओर ले जाती हैं।

- पोषण अभियान:
  - यह छोटे बच्चों में कुपोषण/अल्पपोषण, एनीमिया को कम करके स्टंटिंग, अंडर-न्यूट्रिशन, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन वाले बच्चों के स्तर को कम करने का लक्ष्य रखता है। इसके साथ ही किशोर लड़कियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

**87.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**विश्व बैंक का लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक (LPI) 2023:**

- LPI विश्व बैंक समूह द्वारा विकसित एक इंटरैक्टिव बेंचमार्किंग टूल है।
  - यह देशों को व्यापार लॉजिस्टिक के प्रदर्शन में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करने में मदद करता है कि वे अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं।
- भारत वर्ष 2023 में 139 देशों के सूचकांक में 38वें स्थान पर था। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह विश्वसनीय आपूर्ति शृंखला कड़ियों और इसे सक्षम करने वाले मूलभूत घटकों को स्थापित करने की सुलभता का आकलन करता है। लॉजिस्टिक की प्रभावशीलता का आकलन 6 कारकों के आधार पर किया जाता है:
  - सीमा शुल्क प्रदर्शन
  - आधारभूत संरचना की गुणवत्ता
  - शिपमेंट की सुलभ व्यवस्था
  - लॉजिस्टिक सेवाओं की गुणवत्ता
  - प्रेषित वस्तु की ट्रैकिंग और अनुरेखण
  - शिपमेंट की समयबद्धता
- विश्व बैंक ने वर्ष 2010 से 2018 तक प्रत्येक दो वर्ष में LPI जारी किया, जिसमें कोविड-19 महामारी और सूचकांक पद्धति में संशोधन के कारण वर्ष 2020 में देरी हुई। रिपोर्ट अंततः वर्ष 2023 में प्रकाशित की गई। **अतः कथन 1 सही है।**
  - पहली बार LPI में 2023 शिपमेंट पर नज़र रखने वाले बड़े डेटाबेस से उत्पन्न मेट्रिक्स का उपयोग करके व्यापार की गति का विश्लेषण किया गया है, जिससे 139 देशों में तुलना की जा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**88.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC)
  - एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) 'कंपनी अधिनियम, 1956' के तहत पंजीकृत एक कंपनी है जिसके माध्यम से सरकार, स्थानीय प्राधिकरण या अन्य विपणन योग्य प्रतिभूतियों द्वारा जारी शेयर/बॉन्ड /डिबेंचर/सिक्योरिटी का अधिग्रहण एवं व्यवसाय संबंधी अग्रिम ऋण दिये जाते हैं। ये कंपनी लीजिंग, खरीद-बिक्री, बीमा व्यवसाय, चिट व्यवसाय जैसी प्रकृति की होती हैं लेकिन इनमें कोई भी ऐसी संस्था शामिल नहीं होती है, जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि गतिविधि, औद्योगिक गतिविधि, किसी सामान की खरीद या बिक्री (प्रतिभूतियों के अलावा) एवं अचल संपत्ति की खरीद/ निर्माण से संबंधित सेवाएँ प्रदान करना है।
  - एक गैर-बैंकिंग संस्थान जो कि एक कंपनी होती है तथा जो किसी भी योजना या व्यवस्था का एकमुश्त या किस्तों में अंशदान या किसी अन्य तरीके से जमा करने के मुख्य व्यवसाय में शामिल है वह एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी भी होती है।

- NBFC की विशेषताएँ:
  - NBFC डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - NBFCs भुगतान और निपटान प्रणाली का हिस्सा नहीं बनते हैं और स्वयं चेक जारी नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - NBFCs के जमाकर्त्ताओं को जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम की जमा बीमा सुविधा उपलब्ध नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**89.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023:**

- यह नीति चार अलग-अलग, लेकिन संबंधित संस्थाओं का निर्माण करती है, जो आमतौर पर इसरो के पारंपरिक डोमेन रही गतिविधियों में निजी क्षेत्र की अधिक-से-अधिक भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगी।
  - InSPACe (भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र): यह अंतरिक्ष प्रक्षेपण, लॉन्च पैड स्थापित करने, उपग्रहों को खरीदने और बेचने, और अन्य चीजों के बीच उच्च-रिज़ॉल्यूशन डेटा का प्रसार करने के लिये एकल खिड़की मजूरी और प्राधिकरण एजेंसी होगी। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह NGE (गैर-सरकारी संस्थाओं और इसमें निजी कंपनियाँ) और सरकारी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकियों, उत्पादों, प्रक्रियाओं एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को भी साझा करेगा।
  - न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL): यह सार्वजनिक व्यय के माध्यम से बनाई गई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और प्लेटफार्मों के व्यावसायीकरण के साथ-साथ निजी या सार्वजनिक क्षेत्र से अंतरिक्ष घटकों, प्रौद्योगिकियों, प्लेटफार्मों और अन्य संपत्तियों के निर्माण, पट्टे या खरीद के लिये ज़िम्मेदार होगा। **अतः कथन 3 सही है।**
- अंतरिक्ष विभाग: यह समग्र नीति दिशानिर्देश प्रदान करेगा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को लागू करने के लिये नोडल विभाग होगा और अन्य बातों के अलावा, विदेश मंत्रालय के परामर्श से वैश्विक अंतरिक्ष प्रशासन और कार्यक्रमों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समन्वय का समन्वय करेगा।
  - अंतरिक्ष गतिविधि से उत्पन्न होने वाले विवादों को हल करने के लिये यह एक उपयुक्त तंत्र भी बनाएगा।
- ISRO की भूमिका को युक्तिसंगत बनाना: इसमें कहा गया है कि ISRO परिचालन अंतरिक्ष प्रणालियों के निर्माण के मौजूदा अभ्यास से हट जाएगा।
- इसके बाद, वाणिज्यिक उपयोग के लिये परिपक्व प्रणालियों को उद्योगों में स्थानांतरित किया जाएगा। ISRO उन्नत प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा, नई प्रणालियों को साबित करेगा तथा राष्ट्रीय विशेषाधिकारों को पूरा करने के लिये अंतरिक्ष वस्तुओं की प्राप्ति करेगा।
- ISRO अन्य सरकारी और गैर-सरकारी कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकियों, उत्पादों, प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

**90.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय विधि आयोग न तो संवैधानिक और न ही वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह भारत सरकार के एक आदेश द्वारा स्थापित एक कार्यकारी निकाय है। इसका प्रमुख कार्य कानूनी सुधार संबंधी कार्य करना है।
- पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में चार्टर अधिनियम, 1833 के तहत स्थापित किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग एक निश्चित कार्यकाल हेतु स्थापित किया गया है और कानून एवं न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

91.

उत्तर: D

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO/यूनेस्को) संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कुक आइलैंड्स, नीयू और फिलिस्तीन तीन यूनेस्को सदस्य राज्य हैं जो संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा नहीं हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

92.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यूनेस्को के 193 सदस्य और 11 सहयोगी सदस्य देश हैं तथा यह जनरल कॉन्फ्रेंस और कार्यकारी बोर्ड द्वारा शासित है।
- इज़रायल, लिकटेंस्टीन और संयुक्त राज्य अमेरिका, जो सभी संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश हैं, यूनेस्को के सदस्य नहीं हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

93.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नाटो (NATO) एक सुरक्षा गठबंधन है जिसमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप के 31 देश शामिल हैं जो वर्ष 1949 में वाशिंगटन संधि पर हस्ताक्षर के साथ स्थापित किये गए थे।
- स्वीडन नाटो का सदस्य नहीं है। फिनलैंड हाल ही में नाटो में शामिल हुआ है। फ्राँस और पोलैंड, दोनों देश नाटो के सदस्य हैं। **अतः विकल्प A सही है।**

94.

उत्तर: B

व्याख्या:

- कोरोमंडल तट से तात्पर्य विशेष रूप से बंगाल की खाड़ी से लगे भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट से है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्य में विस्तृत है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कोरोमंडल तट भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिणपूर्वी भाग में स्थित एक तटीय क्षेत्र है। इसे इसकी सीमाओं; उत्तर में उत्कल मैदान, पूर्व में बंगाल की खाड़ी, दक्षिण में कावेरी डेल्टा और पश्चिम में पूर्वी घाट के आधार पर परिभाषित किया गया है।
- कोरोमंडल तट का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्त्व है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और तटीय परिदृश्य पर्यटकों को आकर्षित करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

95.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल के वर्षों में विश्व ने कई संकटों का सामना किया है जिसका सतत् विकास लक्ष्य (SDG) को प्राप्त करने की दिशा में वैश्विक प्रगति पर गंभीर प्रभाव पड़ा है।
- इन संकटों, जिनमें आर्थिक मंदी, जलवायु आपात स्थिति और स्वास्थ्य महामारी जैसे कारक शामिल हो सकते हैं, ने एक स्थायी भविष्य के निर्माण के प्रयासों में बाधा उत्पन्न की है।
- कृषि पर जी-20 की मंत्रिस्तरीय बैठक में वैश्विक संकट और सतत् विकास लक्ष्यों पर उनके प्रभावों की चर्चा हुई। **अतः विकल्प A सही है।**

नोट :

96.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत ने जॉर्डन, सऊदी अरब, ओमान, कनाडा, रूस, मोरक्को, इज़रायल, सेनेगल, ट्यूनीशिया और दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे संकट के कारण विभिन्न उर्वरकों की घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिये रणनीतिक साझेदारी स्थापित की है। इन साझेदारियों के परिणामस्वरूप भारत ने तीन वर्ष की अवधि के लिये 157 LMT (लाख मीट्रिक टन) और चार वर्ष की अवधि के लिये 32 LMT की मात्रा में विभिन्न उर्वरकों की महत्त्वपूर्ण आपूर्ति प्राप्त की है। **अतः विकल्प D सही है।**

97.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत में उर्वरक विभाग ने क्षेत्र के भीतर आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में उल्लेखनीय प्रगति की है।
- सरकार ने विशेष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध से उत्पन्न संकट के दौरान उर्वरक आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने में दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया है।
- गैस, तेल, रॉक फॉस्फेट और पोटाश जैसे कच्चे माल की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद सरकार ने सक्रिय रूप से दीर्घकालिक समझौते किये हैं एवं संसाधनों से समृद्ध देशों के साथ संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा दिया है। **अतः विकल्प B सही है।**

98.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- संश्लेषित भ्रूण वे भ्रूण हैं जिनका निर्माण बिना निषेचन के किया जाता हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रारंभिक मानव विकास की प्राकृतिक प्रगति के सामान ही ये भ्रूण स्व-संगठित स्टेम सेल संरचनाओं का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- स्टेम सेल विशेष मानव कोशिकाएँ हैं जो कई अलग-अलग प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने में सक्षम होती हैं।
- इन भ्रूणों के निर्माण के लिये अंडाणु अथवा शुक्राणु कोशिका की भागीदारी की आवश्यकता नहीं होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

99.

**उत्तर:A**

**व्याख्या:**

- रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर रिज़र्व बैंक बैंकों को सरकार के संपार्श्विक और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के लिये तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत रातोंरात तरलता प्रदान करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

100.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) वर्ष 2001 में स्थापित एक क्षेत्रीय संगठन है। इसका उद्देश्य इसके सदस्य राज्यों के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।
- SCO में आठ सदस्य देश शामिल हैं: चीन, रूस, कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, तज़िकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान।
- ब्रिक्स दुनिया की पाँच अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।

**नोट :**

- ब्रिक्स समूह की औपचारिक स्थापना वर्ष 2006 में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, व्यापार और निवेश को बढ़ाने तथा इसके सदस्य देशों के बीच राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिये की गई थी।
- चतुर्भुज सुरक्षा संवाद, जिसे आमतौर पर क्वाड के रूप में जाना जाता है, एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है जिसमें चार देश- भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया  शामिल हैं।
- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें दक्षिण एशिया के आठ देश शामिल हैं। सार्क की स्थापना वर्ष 1985 में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। सार्क के सदस्य देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। **अतः विकल्प D सही है।**

101.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लुक ईस्ट पॉलिसी आर्थिक एकीकरण के साथ-साथ दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) देशों पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक्ट ईस्ट नीति आर्थिक एकीकरण और सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ आसियान देशों पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- "एक्ट ईस्ट पॉलिसी" की शुरूआत पहले से स्थापित "लुक ईस्ट पॉलिसी" की प्रगति का प्रतिनिधित्व करती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह विशाल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के साथ विभिन्न स्तरों पर आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिये एक कूटनीतिक पहल है।

102.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- इथेनॉल के उत्पादन के लिये गन्ना, चावल की भूसी और मक्का व्यवहार्य स्रोत हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वाहन चलाते समय कम जीवाश्म ईंधन जलाने के लिये पेट्रोल के साथ इथेनॉल का सम्मिश्रण इथेनॉल सम्मिश्रण कहलाता है।
- G20 अध्यक्षता के तहत भारत ने जैव ईंधन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने हेतु ब्राज़ील जैसे देशों के साथ साझेदारी करते हुए एक वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का प्रस्ताव दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- E20 ईंधन में 80% पेट्रोल और 20% इथेनॉल का मिश्रण होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

103.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एक ट्रांसजेनिक जीव एक आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMO) को संदर्भित करता है जिसमें एक अलग प्रजाति से DNA अनुक्रम या जीन शामिल होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में वर्तमान में केवल कपास की व्यावसायिक रूप से आनुवंशिक रूप से संशोधित फसल के रूप में खेती की जाती है।
- एक आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GOM) एक जीव है, चाहे वह एक जीव, पौधे या सूक्ष्म जीव हो जिसका DNA आनुवंशिक इंजीनियरिंग विधियों के माध्यम से संशोधित किया गया हो। **अतः कथन 2 सही है।**
- सभी ट्रांसजेनिक जीव GOM हैं, लेकिन सभी GOM ट्रांसजेनिक नहीं हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

104.

उत्तर: B

व्याख्या:

- IPCC की 2023 क्लाइमेट चेंज सिंथेसिस रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि विश्व भर की सरकारें जलवायु संकट को दूर करने हेतु पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर रही हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह रिपोर्ट इंगित करती है कि यदि उपचारात्मक उपायों की वर्तमान गति जारी रहती है, तो वैश्विक औसत तापमान 2100 तक पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक हो जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विश्व के शीर्ष 10% सबसे अमीर देश 50% ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन हेतु ज़िम्मेदार हैं, जबकि सबसे गरीब देश केवल 12% योगदान करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

105.

उत्तर: C

व्याख्या:

- NSSO/PLFS डेटा के अनुसार वर्ष 2011 और 2021 के बीच असंगठित श्रमिकों के लिये वास्तविक वेतन वृद्धि पूरी तरह से मैक्रो-जीडीपी डेटा के साथ संरेखित है।
- उच्च ग्रामीण मुद्रास्फीति के साथ केरल के ग्रामीण क्षेत्र का मूल्य स्तर बिहार के ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में लगभग 25% अधिक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वास्तविक मज़दूरी का आकलन करने के लिये प्रत्येक राज्य की ग्रामीण आबादी पर विचार करने के साथ ही राज्य-विशिष्ट मुद्रास्फीति दरों को शामिल किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- मूल्य स्तरों और मुद्रास्फीति में क्षेत्रीय अंतरों हेतु पारिश्रमिकी को समायोजित करने के लिये राज्य-विशिष्ट मुद्रास्फीति दरें आवश्यक हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

106.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) 12 जुलाई, 2016 को आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' के अधिकार क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि आधार प्रमाणीकरण को केवल भारत के समेकित कोष से भुगतान किये गए लाभों के लिये अनिवार्य बनाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आधार संख्या पहचान का प्रमाण है, हालाँकि आधार संख्या इसके धारक को नागरिकता या अधिवास का कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है। **अत: कथन 3 सही है।**

107.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बिपरजॉय नाम का चक्रवाती तूफान अरब सागर से शुरू हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'बिपरजॉय' बांग्लादेश द्वारा सुझाया गया था और इस शब्द का अर्थ बंगाली में 'त्रासदी' या 'आपदा' है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अरब सागर में बंगाल की खाड़ी की तुलना में कम चक्रवात आते हैं, लेकिन यह असामान्य नहीं है।
- चक्रवात एक कम दबाव वाली प्रणाली है जो गर्म पानी के ऊपर बनती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- सामान्यत: कहीं भी उच्च तापमान का मतलब कम दबाव वाली हवा की मौजूदगी है तथा कम तापमान का मतलब उच्च दबाव वाली हवा होती है।

नोट :

108.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- पंचायती राज संस्थान की स्थापना वर्ष 1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- बलवंत राय मेहता समिति ने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली, ग्राम स्तर पर ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर पर पंचायत समिति और ज़िला स्तर पर ज़िला परिषद की स्थापना की सिफारिश की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह अधिनियम पंचायती राज व्यवस्था के मूल आधार के रूप में ग्राम सभा का प्रावधान करता है।
- पंचायतों के सभी निर्वाचनों के संचालन और निर्वाचक नामावलियों की तैयारी का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

109.

उत्तर: D

**व्याख्या;**

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल से दूषित कफ सिरप पाया है जिसके कारण गाम्बिया में बच्चों की मौत हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- अटलांटा में रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) ने भारतीय निर्मित आँखों की दवा की बूँदों में अत्यधिक दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया की खोज की। **अतः कथन 2 सही है।**
- केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारत का राष्ट्रीय नियामक प्राधिकरण (NRA) है। **अतः कथन 3 सही है।**

110.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- समशीतोष्ण चक्रवात, जिसे एक अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात या मध्य-अक्षांश चक्रवात के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- समशीतोष्ण चक्रवात अपनी ऊर्जा गर्म और ठंडी हवा के द्रव्यमान के बीच विपरीत तापमान से प्राप्त करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- चक्रवात के केंद्र या निम्न-दबाव प्रणाली को अकसर उत्तरी गोलार्द्ध में विशिष्ट दक्षिणावर्त घूर्णन और दक्षिणी गोलार्द्ध में वामावर्त घूर्णन द्वारा चिह्नित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

111.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- वन प्लैनेट लैब के श्वेत पत्र UN SDG, जलवायु COP21 और जैवविविधता COP15 के वैश्विक एवं राष्ट्रीय उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिये 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के वार्षिक निवेश की आवश्यकता का संकेत दिया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- दक्षिण एशिया, लैटिन अमेरिका और अफ्रीका, जो कुछ सबसे कमज़ोर क्षेत्रों को शामिल करते हैं, वैश्विक जलवायु निवेश का केवल एक चौथाई अर्जित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेरिस में नए वैश्विक वित्तीय समझौता शिखर सम्मेलन का उद्देश्य स्थायी वित्त की दिशा में ठोस कदम उठाना और ग्लोबल साउथ के साथ वित्तीय एकजुटता बढ़ाना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**नोट :**

112.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- फतवा-ए-आलमगीरी के संकलन का कार्य औरंगज़ेब द्वारा किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वह उन कुछ शासकों में से थे जिन्होंने पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में शरिया कानून और इस्लामी अर्थशास्त्र को पूरी तरह स्थापित किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- औरंगज़ेब को उनके सादे जीवन और उच्च विचार के कारण "जिंदा पीर" कहा जाता था। **अत: कथन 3 सही है।**

113.

उत्तर: C

**व्याख्या;**

- निज़ाम-उल-मुल्क, हैदराबाद का पहला निज़ाम था तथा एक वफादार रईस एवं मुगल बादशाह औरंगज़ेब का सेनापति था। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुगल सम्राट बहादुर शाह प्रथम ने उसकी मृत्यु के बाद उसे मीर कमरुद्दीन खान नाम दिया। **अत: कथन 2 सही है।**
- औरंगज़ेब ने उन्हें बीजापुर का फौजदार (सैन्य सेनापति) नियुक्त किया। **अत: कथन 3 सही है।**

114.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की GDP हासिल करने में भारत को 63 वर्ष लगे, इसके बाद सात वर्ष में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और फिर तीन वर्ष में 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2030 तक भारत के पास एक अरब कार्यबल होने का अनुमान है, जो G-8 देशों की संयुक्त जनसंख्या को पार कर जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- G8, जिसे आठ के समूह के रूप में भी जाना जाता है, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जापान, जर्मनी, फ्राँस, यूनाइटेड किंगडम, इटली और रूस के देशों का एक मंच है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

115.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- जिन पाँच राज्यों को सामूहिक रूप से दक्कन सल्तनत कहा जाता था, वे इस प्रकार हैं:
  - बीजापुर के आदिल शाही (1490)
  - अहमदनगर के निज़ामशाही (1490)
  - बरार के इमाद शाही (1490)
  - गोलकुंडा का कुतुब शाही (1518)
  - बीदर के बरीद शाही (1528) **अत: विकल्प D सही है।**

116.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- पीएम गति शक्ति अनिवार्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना है जो समन्वित कार्यान्वयन हेतु रेलवे एवं रोडवेज सहित 16 मंत्रालयों को एक साथ लाने के लिये एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। **अत: कथन 1 सही है।**

- रसद आपूर्ति लागत को कम करने के अतिरिक्त इस योजना का उद्देश्य कार्गो हैंडलिंग क्षमता को बढ़ाना, बंदरगाहों पर टर्नअराउंड समय को कम करना और अंतत: व्यापार को प्रोत्साहित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- गति शक्ति योजना वर्ष 2019 में शुरू की गई राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन को समाहित कर लेगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**117.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रगति योजना के तीन उद्देश्य इस प्रकार हैं:
  - शिकायत निवारण
  - कार्यक्रम कार्यान्वयन
  - परियोजना निगरानी **अत: विकल्प C सही है।**

**118.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रक्त एक द्रव संयोजी ऊतक है जिसमें प्लाज़्मा, रक्त कोशिकाएँ और प्लेटलेट्स होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह हमारे पूरे शरीर में परिसंचरण करता है और विभिन्न कोशिकाओं एवं ऊतकों को ऑक्सीजन तथा पोषक तत्त्व पहुँचाता है।
- RBC मनुष्यों में केंद्रक के बिना द्विबीजपत्री कोशिकाएँ हैं जिन्हें एरिथ्रोसाइट्स के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- RBC में हीमोग्लोबिन नामक आयरन युक्त प्रोटीन होता है, जो रक्त को उसका लाल रंग प्रदान करता है।
- ल्यूकोसाइट्स रंगहीन रक्त कोशिकाएँ हैं क्योंकि यह हीमोग्लोबिन से रहित होती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**119.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- चंपारण सत्याग्रह (1917) बिहार में चंपारण के नील उत्पादकों के मुद्दों से जुड़ा पहला सविनय अवज्ञा आंदोलन था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यूरोपीय बागान मालिक किसानों को कुल भूमि के 3/20 भाग पर नील की खेती करने हेतु मज़बूर कर रहे थे जिसे तिनकठिया प्रणाली कहा जाता था। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकार ने इस मामले की जाँच हेतु एक समिति नियुक्त की और गांधी को सदस्य के रूप में नामित किया। **अत: कथन 3 सही है।**

**120.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मुख्यमंत्री के पदभार ग्रहण करने हेतु राज्यपाल उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुख्यमंत्री का कार्यकाल निश्चित नहीं होता और वह राज्यपाल के प्रसादपर्यंत अपने पद पर बना रहता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- चूँकि मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है, उसकी मृत्यु/इस्तीफे की स्थिति में मंत्रिपरिषद स्वत: ही भंग हो जाती है। **अत:कथन 3 सही है।**

**121.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- बैडमिंटन के मूलभूत नियमों के अनुसार, यदि शटलकॉक ज़मीन को छूता है या कोई खिलाड़ी एक ही कोर्ट से उस पर दो बार स्ट्राइक करता है तो इसे नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

नोट :

- बैडमिंटन मैच के दौरान प्रत्येक खेल के बीच एक मिनट के ब्रेक की अनुमति है। **अतः कथन 1 सही है।**
- बैडमिंटन मैच में, प्रारूप में तीन गेम खेलना शामिल है जिसमें प्रत्येक गेम में 21 अंक की सीमा होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बैडमिंटन खेल में जब स्कोर 20-ऑल तक पहुँच जाता है, तो जो पक्ष पहले दो अंकों की बढ़त हासिल कर लेता है उसे उस विशेष खेल का विजेता घोषित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**122.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- श्रीलंका भारत का निकटतम समुद्री पड़ोसी है और क्षेत्रीय सीमा से केवल 30 समुद्री मील दूर है।
- श्रीलंका भारत के समुद्री डोमेन जागरूकता (MDA) नेटवर्क का एक हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस पहल के तहत भारत ने पूरे भारत के साथ-साथ सेशेल्स, मॉरीशस और श्रीलंका में तटीय निगरानी रडार स्थापित किये हैं। अतः कथन 1 सही है (और कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है)। **अतः विकल्प A सही है।**

**123.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अर्द्धचालक ऐसी सामग्रियाँ हैं जिनमें चालक और विद्युतरोधी के बीच चालकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने इलेक्ट्रॉनिक घटकों और अर्द्धचालकों (SPECS) के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये योजना शुरू की है जो इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्माण हेतु पूंजीगत व्यय का 25% वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अर्द्धचालक में निवेश करने वाली कंपनियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये भारत में अर्द्धचालक मिशन शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**124.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अगस्त 1920 में हस्ताक्षरित सेवर्स की संधि ने तुर्की ऑटोमन साम्राज्य को पूरी तरह से विघटित कर दिया जिसने खिलाफत आंदोलन के लिये ज़मीन तैयार की। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में अबुल कलाम आज़ाद, शौकत अली और मुहम्मद अली ने तुर्की के समर्थन में ब्रिटिश राज के खिलाफ खिलाफत आंदोलन नामक अभियान शुरू किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्होंने महात्मा गांधी से संपर्क किया और उनसे अपने आंदोलन के लिये समर्थन का अनुरोध किया और अपने पूरे विरोध प्रदर्शन के दौरान अहिंसा का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई। **अतः कथन 3 सही है।**

**125.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- संविधान सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता और कानून एवं व्यवस्था के अधीन धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, पालन करने व प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची (सूची 2) के अनुसार, सार्वजनिक व्यवस्था के पहलुओं पर कानून बनाने की शक्ति राज्यों के पास है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि केंद्र सरकार केवल वित्तीय सहायता प्रदान करके कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार हेतु राज्य सरकारों के प्रयासों का समर्थन करती है। **अतः कथन 3 सही है।**

126.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यदि किसी स्थान का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक एवं पहाड़ी क्षेत्रों में कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति माना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जब सामान्य अधिकतम तापमान के बावजूद वास्तविक अधिकतम तापमान 45°C या उससे अधिक रहता है, तो इसे हीटवेव माना जाना चाहिये। **अत:, कथन 2 सही है।**
- यदि किसी स्थान का सामान्य अधिकतम तापमान 40°C से कम या उसके बराबर है, तो सामान्य तापमान से 5°C से 6°C की वृद्धि को हीटवेव माना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

127.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राजद्रोह को उस अपराध के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जब "कोई भी व्यक्ति बोले गए या लिखित शब्दों से या संकेतों से या दृश्य प्रतिनिधित्व द्वारा अन्यथा भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या अवमानना लाता है या प्रोत्साहित करता है या असंतोष पैदा करने का प्रयास करता है"। **अत: कथन 1 सही है।**
- अप्रसन्नता में विश्वासघात और शत्रुता की सभी भावनाएँ शामिल हैं। हालाँकि घृणा, अवमानना या असंतोष को प्रोत्साहित करने का प्रयास किये बिना टिप्पणियाँ इस धारा के तहत अपराध नहीं मानी जाएंगी।
- यह एक गैर-जमानती अपराध है। धारा 124A के तहत सज़ा तीन वर्ष तक की कैद से लेकर आजीवन कारावास तक है, जिसमें जुर्माना भी लगाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

128.

उत्तर: B

व्याख्या:

- गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA), 1967 के तहत, भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप लगाया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- UAPA के तहत, जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोप पत्र दायर कर सकती है और न्यायालय को सूचित करने के बाद अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2004 के संशोधन ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल संगठनों को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से "आतंकवादी कृत्य" को शामिल करने हेतु अपराधों की सूची में विस्तार किया। **अत: कथन 3 सही है।**

129.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत का विधि आयोग एक गैर-वैधानिक निकाय है और इसका गठन भारत सरकार की एक अधिसूचना द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत सरकार ने वर्ष 1955 में स्वतंत्र भारत के पहले विधि आयोग की स्थापना की, जिसके अध्यक्ष भारत के तत्कालीन अटॉर्नी-जनरल श्री एम. सी. सीतलवाड थे। **अत:, कथन 2 सही है।**
- भारत का विधि आयोग अप्रासंगिक कानूनों की पहचान करता है और अप्रचलित तथा अनावश्यक अधिनियमों को निरस्त करने की सिफारिश करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

130.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- भारत के विधि आयोग ने अपनी 279वीं रिपोर्ट में विवादास्पद प्रकृति के बावजूद 'देशद्रोह' पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124A को बरकरार रखने की सिफारिश की। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस प्रावधान को देश की स्थिरता और अखंडता की रक्षा के लिये माध्यम के रूप में देखा जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग ने कहा कि 1967 का गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) IPC की धारा 124A के तहत परिकल्पित अपराध के सभी तत्त्वों को शामिल नहीं करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसने सुझाव दिया कि राजद्रोह कानून एक विशिष्ट उद्देश्य को पूरा करता है जिसे UAPA द्वारा पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया गया है।

131.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- ब्रिटिश भारतीय सेना के समय भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में गोरखा सैनिकों की भर्ती वर्ष 1816 में हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रथा वर्ष 1947 की संधि के तहत जारी रही जिसमें गोरखा सैनिकों को उनके भारतीय समकक्षों के बीच "समान व्यवहार" पर बल दिया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- विदेश मंत्रालय (MEA) ने पुष्टि की है कि भारतीय सेना अग्निपथ योजना के माध्यम से नेपाल अधिवासी गोरखाओं की भर्ती नहीं करेगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

132.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- बलवंत राय मेहता समिति (1957) के अनुसार, पंचायत समिति को कार्यकारी निकाय होना चाहिये जबकि ज़िला परिषद को सलाहकार, समन्वय और पर्यवेक्षी निकाय के रूप में होना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- राजस्थान पंचायती राज स्थापित करने वाला पहला राज्य था। **अतः, कथन 2 सही है।**
- गाडगिल समिति ने सुझाव दिया कि पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया जाना चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

133.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- मतदाता सूची की तैयारी और पंचायतों के सभी चुनावों के संचालन का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया गया एक राज्य निर्वाचन आयुक्त होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिये निर्धारित तरीके और आधार के अलावा राज्य निर्वाचन आयुक्त को पद से नहीं हटाया जा सकता। **अतः कथन 3 सही है।**

134.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- वेस्ट बैंक भूमि से घिरा क्षेत्र है जिसकी सीमा पूर्व, उत्तर और दक्षिण में इज़रायल से लगती है जबकि जॉर्डन से इसकी सीमा पूर्व में लगती है। दूसरी ओर, गाज़ा भूमध्य सागर के किनारे एक तटीय पट्टी है जिसकी सीमा इज़रायल और मिस्र से लगती है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- दोनों क्षेत्र एक विशाल फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों का हिस्सा हैं तथा इज़रायल और फिलिस्तीनी के बीच संघर्ष एवं विवादों सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझते रहे हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

**135.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2019 का राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) की स्थापना करता है, जो चिकित्सा शिक्षा, अभ्यास और संस्थानों के सभी तत्त्वों के निर्माण और विनियमन के लिये ज़िम्मेदार है।
  - राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में चार बोर्ड हैं
  - स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (UGMEB)
  - स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड (PGMEB)
  - चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड
  - नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड। **अत: विकल्प D सही है।**

**136.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत में संसदीय सरकार की विशेषताएँ हैं:
  - नाममात्र और वास्तविक अधिकारियों की उपस्थिति
  - बहुमत दल का शासन
  - विधायिका के प्रति कार्यपालिका का सामूहिक उत्तरदायित्व
  - विधानमंडल में मंत्रियों की सदस्यता
  - प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का नेतृत्त्व
  - निम्न सदन (लोकसभा या विधानसभा) का विघटन **अत: विकल्प D सही है।**

**137.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है जिसमें प्रधानमंत्री अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

**138.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- गीता प्रेस को उसके सौ वर्ष पूर्ण होने पर गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित करने के निर्णय को व्यापक सराहना और समर्थन मिला है। **अत: कथन 1 सही है।**
- नैतिक संरचना पर गीता प्रेस का जोर महात्मा गांधी के मूल सिद्धांतों और शिक्षाओं के अनुरूप है।
- यह पुरस्कार नैतिक मूल्यों के साथ-साथ धर्म के सिद्धांतों को बढ़ावा देने में गीता प्रेस के महत्त्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करता है। ये ऐसे आदर्श हैं जो महात्मा गांधी को अतिप्रिय थे। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

139.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के प्रस्तावना में निम्नलिखित बातों की अवधारणा को शमिल किया गया:
  - संविधान का स्रोत
  - भारतीय राज्य की प्रकृति
  - इसके उद्देश्यों का विवरण
  - इसके अंगीकार की तिथि **अत: विकल्प D सही है।**

140.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- राज्य विधानमंडल किसी पंचायत को कर, शुल्क, टोल और शुल्क लगाने, एकत्र करने तथा उसके वितरण करने के लिये अधिकृत कर सकती है। **अत:, कथन 1 सही है।**
- राज्य विधानमंडल में राज्य के समेकित निधि का उपयोग करके पंचायतों को सहायता अनुदान आवंटित करने का प्रावधान है। **अत:, कथन 2 सही है।**
- राज्य के राज्यपाल द्वारा, प्रति पाँच वर्ष के बाद पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिये एक वित्त आयोग का गठन किये जाने का प्रावधान है। **अत: कथन 3 सही है।**

141.

उत्तर; A

**व्याख्या:**

- परिषद की अधिकतम शक्ति राज्य विधानसभा की कुल सदस्य संख्या की एक-तिहाई तथा न्यूनतम सदस्य संख्या 40 निर्धारित होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- लोकसभा की तरह, राज्य विधानसभा एक स्थायी सदन नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- विधानसभा का कार्यकाल राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि के दौरान संसद के कानून द्वारा एक समय में एक वर्ष (समय की किसी भी अवधि के लिये) के लिये बढ़ाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

142.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण संधि है जिसका उद्देश्य पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में खतरनाक मानवजनित हस्तक्षेप को रोकने के उद्देश्य से ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता को कम करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- पार्टियों के सम्मेलन (COP) को सर्वोच्च निर्णय लेने वाला प्राधिकरण और कन्वेंशन का "सर्वोच्च निकाय" माना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- कन्वेंशन दो स्थायी सहायक निकायों (SB) की स्थापना करता है, अर्थात् अनुच्छेद 9 द्वारा वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह हेतु सहायक निकाय (SBSTA) एवं अनुच्छेद 10 द्वारा कार्यान्वयन के लिये सहायक निकाय (SBI)। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

143.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्योटो प्रोटोकॉल उत्सर्जन गैस लक्ष्य में शामिल गैसें:
    - कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)
    - मीथेन ($CH_4$)
    - नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)
    - सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$)
    - हाइड्रोफ्लोरोकार्बन के समूह (HCF)
    - पेरफ्लूरोकार्बन के समूह (PFC) **अत: विकल्प D सही है।**

144.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विशेष आहरण अधिकार (SDR) एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है, जिसे IMF द्वारा 1969 में अपने सदस्य देशों के आधिकारिक भंडार के पूरक के लिये बनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- SDR कोई मुद्रा नहीं है। यह IMF सदस्यों की स्वतंत्र रूप से उपयोग योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इस प्रकार SDR किसी देश को तरलता प्रदान कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- SDR का मूल्य पाँच मुद्राओं पर आधारित है - यूएस डॉलर, यूरो, चीनी रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग। **अत: कथन 3 सही है।**

145.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतीय कानून अधिकांश नागरिक मामलों में एक समान संहिता का पालन करते हैं जैसे कि भारतीय संविदा अधिनियम 1872, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम 1882, भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 आदि। **अत: विकल्प D सही है।**

146.

उत्तर: C

व्याख्या;

- "क्वाड" से तात्पर्य चतुर्भुज सुरक्षा संवाद से है, यह एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था क्वाड के सदस्य देशों की प्रमुख विशेषता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ऐसा माना जाता है क्वाड की स्थापना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव की प्रतिक्रिया के रूप में की गई थी। **अत: कथन 3 सही है।**

147.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्रय शक्ति समता (Purchasing Power Parity- PPP) विभिन्न देशों के बीच आर्थिक उत्पादकता और जीवन स्तर की तुलना करने के लिये उपयोग की जाने वाली एक विधि है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- पीपीपी गणना के लिये विनिमय दरों को समायोजित किया जाता है ताकि अन्य देशों में उपभोक्ता अपनी क्रय शक्ति के बराबर उत्पादों और सेवाओं की समान मात्रा खरीद सकें। **अतः कथन 2 सही है।**
- पीपीपी गणना में विभिन्न देशों में लोगों की वास्तविक क्रय शक्ति को प्रभावित करने वाले कारकों, जैसे गुणवत्ता असमानता, उपभोक्ता प्राथमिकता में भिन्नताएँ और अन्य कारको को निश्चित तौर पर शामिल नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**148.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अफ्रीकी संघ (AU) एक महाद्वीपीय संघ है जिसमें अफ्रीकी महाद्वीप पर स्थित 55 सदस्य देश शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अफ्रीकी संघ की घोषणा सिर्ते, लीबिया में सिर्ते घोषणा में की गई थी। अंतः कथन 2 सही है।
- अफ्रीकी संघ (AU) का इरादा 32 हस्ताक्षरकर्त्ता सरकारों द्वारा 25 मई 1963 को अदीस अबाबा में स्थापित अफ्रीकी एकता संगठन (OAU) को प्रतिस्थापित करना था। **अतः कथन 3 सही है।**

**149.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कुकी एक जातीय समूह है जिसमें मूल रूप से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों जैसे मणिपुर, मिज़ोरम और असम में रहने वाली कई जनजातियाँ शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- कुकी किसी जातीय समूह द्वारा गढ़ा गया शब्द नहीं है, औपनिवेशिक शासन के तहत इससे जुड़ी जनजातियों को सामान्यतः कुकी कहा जाने लगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- नगा-कुकी संघर्ष मुख्य रूप से पहचान, भूमि और क्षेत्रीय दावों के मुद्दों से संबंधित है क्योंकि कुकी लोगों द्वारा बसाए गए कुछ क्षेत्र नगा लोगों द्वारा बसाए गए क्षेत्रों से अधिव्यापित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**150.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुसार प्रत्येक राज्य को बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से रक्षा करना संघ का कर्त्तव्य है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संघ को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुरूप है। **अतः, कथन 2 सही है।**
- भारत के संविधान का भाग XVIII आपातकालीन प्रावधान से संबंधित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**151.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पश्चिम एशिया उत्तरी अफ्रीका (WANA) का मतलब पश्चिम एशिया उत्तरी अफ्रीका है।
- WANA क्षेत्र की विशेषता उच्च जनसंख्या वृद्धि, कम और अनियमित वर्षा, सीमित कृषि योग्य भूमि और गंभीर रूप से सीमित जल संसाधन हैं। **अतः, कथन 1 सही है।**
- इसमें लगभग 600 मिलियन निवासियों वाले 27 देश शामिल हैं, जिनमें पश्चिम में मोरक्को, पूर्व में पाकिस्तान और अफगानिस्तान, उत्तर में तुर्की और दक्षिण में इथियोपिया और सूडान शामिल हैं।
- ऑटोमन साम्राज्य के पतन के बाद से और विशेष रूप से इज़राइल के निर्माण के बाद से इस क्षेत्र में संघर्ष चल रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

152.

उत्तर: B

व्याख्या:

- धर्मनिरपेक्षता एक राजनीतिक अवधारणा है जिसका उद्देश्य एक राज्य और उसके समाज को इस तरह से संरचना करना है जो यह सुनिश्चित करता है कि धार्मिक या विश्वास प्रणाली व्यक्तियों पर मज़बूर न हो, और साथ ही यह धर्म की स्वतंत्रता और विश्वास या विश्वास के आधार पर गैर-भेदभाव के सिद्धांतों को बनाये रखता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- धर्मनिरपेक्षता, सभी धर्मों के साथ इस अर्थ में समान व्यवहार करती है कि किसी भी एक धर्म को किसी भी रूप में दूसरे से अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता है।
- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द को प्रस्तावना में शामिल किया गया, इसके द्वारा यह पुष्टि की गई कि भारत एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य है। **अत: कथन 2 सही है।**

153.

उत्तर: B

व्याख्या:

- महात्मा गांधी और मिस्र के क्रांतिकारी साद ज़घलौल दोनों ने आधुनिक समय में ब्रिटिश औपनिवेशिक नियंत्रण से मुक्ति की मांग की। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2016 में, भारत और मिस्र के बीच संयुक्त घोषणा ने राजनीतिक-सुरक्षा सहयोग, आर्थिक जुड़ाव, वैज्ञानिक सहयोग, सांस्कृतिक और लोगों के संबंधों को एक नए युग हेतु नई साझेदारी के आधार के रूप में मान्यता दी थी।
- वर्ष 1961 में, भारत और मिस्र ने यूगोस्लाविया, इंडोनेशिया तथा घाना के साथ मिलकर गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) की स्थापना की। **अत: कथन 2 सही है।**

154.

उत्तर: D

व्याख्या:

- स्वेज़ नहर,भूमध्य सागर और लाल सागर को जोड़ती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अटलांटिक महासागर तथा भारतीय एवं पश्चिमी प्रशांत महासागरों के आसपास की भूमि के बीच सबसे छोटा मार्ग है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह अफ्रीका के केप ऑफ़ गुड होप की ओर से घूमकर जाने की अनिवार्यता का एक विकल्प प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

155.

उत्तर : A

व्याख्या :

- इंद्र अभ्यास भारत और रूस की सेनाओं के बीच आयोजित किया जाने वाला एक द्विपक्षीय अभ्यास है।
- मालाबार अभ्यास क्वाड सदस्यों यानी भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक बहुपक्षीय युद्ध-नौसैनिक अभ्यास है। इसकी शुरुआत भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में हुई।
- संप्रति अभ्यास भारत और बांग्लादेश के बीच एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास है।
- अभ्यास धर्म गार्जियन एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो भारत और जापान के बीच आयोजित किया जा रहा है। **अत: विकल्प A सही है।**

नोट :

156.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- राज्य वित्त आयोग वर्ष 1992 के 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह राज्य सरकार को पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय अंतरण की सलाह देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- नगर पालिकाएँ और नगर परिषदें राज्य वित्त आयोग के अधिकार क्षेत्र में काम करती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

157.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- अशोक ने अपने 12वें शिलालेख में न केवल सभी धार्मिक संप्रदायों के प्रति सहिष्णुता की अपील की बल्कि उनके प्रति अत्यधिक सम्मान की भावना विकसित करने की भी अपील की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- मध्ययुगीन भारत में सूफ़ी और भक्ति आंदोलन विभिन्न समुदायों के लोगों को प्रेम एवं शांति के माध्यम से जोड़ता हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन आंदोलनों के प्रमुख नायक थे ख्वाज़ा मोइनुद्दीन चिश्ती, बाबा फरीद, संत कबीर दास, गुरु नानक देव, संत तुकाराम और मीरा बाई आदि।
- मध्ययुगीन भारत में धार्मिक सहिष्णुता एवं पूजा करने की स्वतंत्रता अकबर के अधिकार में आने वाले राज्यों की पहचान थी। **अत: कथन 3 सही है।**
- उनके मंत्रियों के रूप में अनेक हिंदू थे। उन्होंने जबरन धर्मांतरण पर रोक लगा दी और जजिया कर समाप्त कर दिया।
- उनकी सहिष्णुता नीति का सबसे प्रमुख प्रमाण उनका 'दीन-ए-इलाही' या ईश्वरीय आस्था का प्रचार था जो हिंदू और मुस्लिम दोनों आस्था के तत्त्व थे।

158.

उत्तर: B

**व्याख्या :**

- संसद सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों को कम करने के लिये अधिकृत नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान राज्य को सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के संदर्भ में न्यायपालिका और कार्यपालिका की पृथक भूमिका निर्धारित करने के लिये आवश्यक कदम उठाने का निर्देश देता है।
- भारत का मुख्य न्यायाधीश कार्यपालिका के किसी भी हस्तक्षेप के बिना सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति कर सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

159.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- दिल्ली सल्तनत दिल्ली में स्थित एक इस्लामी साम्राज्य था और यह भारतीय उपमहाद्वीप के बड़े हिस्से तक विस्तृत था। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुलाम वंश, जिसे मामलुक वंश के नाम से भी जाना जाता है, दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला पहला मुस्लिम वंश था। **अत: कथन 2 सही है।**
- गुलाम वंश की स्थापना का श्रेय कुतुबुद्दीन ऐबक को दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

160.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हिंद महासागर, विशेष रूप से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी का गर्म जल, दक्षिण पश्चिम मानसून का स्रोत है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के अधिकांश हिस्सों में कुल वार्षिक वर्षा में दक्षिण पश्चिम मानसून का लगभग 70-90% योगदान होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रचुर मात्रा में वर्षा चावल, कदन्न, मक्का, कपास, सोयाबीन, मूंगफली, अरहर, मूँग, उड़द जैसी विभिन्न खरीफ फसलों की खेती के लिये लाभकारी होता है।
- भारत में सितंबर के आसपास से दक्षिण-पश्चिम मानसून धीरे-धीरे ख़त्म हो जाता है और अक्तूबर तक दक्षिण-पूर्व की ओर बढ़ जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

161.

उत्तर: D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन एक अमेरिकी वैज्ञानिक और नियामक एजेंसी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NOAA का कार्य मौसम की भविष्यवाणी, समुद्री और वायुमंडलीय स्थितियों की निगरानी, समुद्रों की निगरानी, गहरे समुद्र में अन्वेषण तथा मछली पकड़ने एवं समुद्री स्तनधारियों और लुप्तप्राय प्रजातियों की सुरक्षा का प्रबंधन करना है।
- NOAA उपकरणों और डेटा संग्रह नेटवर्क के साथ पृथ्वी प्रणालियों की निगरानी एवं निरीक्षण करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एडवांस वैरी हाई-रिज़ॉल्यूशन रेडियोमीटर (AVHRR) राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (NOAA) के ध्रुवीय परिक्रमा पर्यावरण उपग्रहों (POES) पर लगाया गया एक सेंसर है। **अतः कथन 3 सही है।**

162.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राज्यसभा के विपरीत लोकसभा कोई निरंतर चलने वाला सदन नहीं है। इसका सामान्य कार्यकाल आम चुनाव के बाद अपनी पहली बैठक की तारीख से लेकर पाँच वर्ष है, जिसके बाद यह स्वतः भंग हो जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हालाँकि, राष्ट्रपति को पाँच वर्ष पूर्ण होने से पूर्व किसी भी समय लोकसभा को भंग करने का अधिकार है और इसे न्यायलय में चुनौती नहीं दी जा सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लोकसभा का कार्यकाल राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि के दौरान संसद के कानून द्वारा एक वर्ष के लिये किसी भी समय बढ़ाया जा सकता है।

163.

उत्तर: C

व्याख्या:

- रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार, 2022 आणुविक संपर्क की शक्ति का उपयोग करते हुए प्राकृतिक विश्व का अध्ययन करने के नए तरीके प्रस्तुत करने वाले तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया गया है।
- कैरोलिन आर. बर्टोज़ी,मोर्टन मेल्डल, तथा के. बैरी शार्पलेस को "क्लिक केमिस्ट्री" में उनकी प्रगति के लिये सम्मानित किया गया, जिसने बीमारियों के उपचार एवं निदान में महात्त्पूर्ण भूमिका निभाई है।
- एंटोन ज़िलिंगर ने वर्ष 2022 में भौतिक विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया।

  **अतः विकल्प C सही है।**

नोट :

164.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- जनरल इलेक्ट्रिक (GE) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा भारत में GE एयरोस्पेस के F414 इंजन के संयुक्त निर्माण संबंधी समझौता भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने अमेरिका से C-130 और C-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान खरीदे हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत ने रूस से S-400 ट्रायम्फ मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीदा है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

165.

उत्तर: D

**व्याख्या**

- राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) कॉलेजों की गुणवत्ता का आकलन करने के लिये अलग-अलग वेटेज के साथ पाँच मापदंडों वाली एक रैंकिंग मीट्रिक का उपयोग करता है:
  - शिक्षण, शिक्षा और संसाधन (40%)
  - स्नातक परिणाम (25%)
  - अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (15%)
  - आउटरीच और समावेशिता (10%)
  - समकक्ष अनुभूति (10%) **अतः, विकल्प D सही है.**

166.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- राष्ट्रपति तभी अध्यादेश जारी कर सकता है जब संसद के दोनों सदन सत्र में न हों या जब संसद के दोनों सदनों में से कोई भी एक सदन सत्र में न हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- कूपर मामले, वर्ष 1970 में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अध्यादेश जारी करने की राष्ट्रपति की संतुष्टि पर दुर्भावना के आधार पर न्यायालय में सवाल उठाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- संसद द्वारा अनुमोदन न मिलने की स्थिति में किसी अध्यादेश की अधिकतम अवधि छह महीने और छह सप्ताह हो सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

167.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) द्वारा प्रशासित कर्मचारी पेंशन योजना (EPS) को वर्ष 1995 में शुरू किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस पेंशन फंड में भविष्य निधि कोष के लिये नियोक्ता का योगदान 8.33% प्रस्तावित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- ऐसे कर्मचारी जो EPF के सदस्य हैं वे स्वतः ही EPS के सदस्य बन जाते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

168.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- कर्मचारी भविष्य निधि की शुरुआत वर्ष 1951 में कर्मचारी भविष्य निधि अध्यादेश की घोषणा के साथ हुई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 तथा इस अधिनियम के तहत बनाई गई योजनाओं को एक त्रिपक्षीय बोर्ड द्वारा प्रशासित किया जाता है जिसे केंद्रीय न्यासी बोर्ड के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- केंद्रीय न्यासी बोर्ड तीन योजनाएँ EPF योजना 1952, पेंशन योजना 1995 (EPS) और बीमा योजना 1976 (EDLI) संचालित करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**169.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने स्पॉट फिक्सिंग कांड के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के भीतर अनियमितताओं की जाँच करने के लिये मुकुल मुदगल के नेतृत्व में एक विशेष समिति (मुदगल समिति) की स्थापना की। **अत:, विकल्प A सही है।**

**170.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

1. भारत रैंकिंग के 2023 संस्करण में तीन विशिष्ट क्षेत्र शामिल किये गए है जो निम्नलिखित हैं:
2. एक विषय अर्थात् कृषि और संबद्ध क्षेत्र की शुरुआत।
3. दो अलग-अलग एजेंसियों को समान डेटा प्रदान करने के संस्थानों पर बोझ को कम करने हेतु नवाचार उपलब्धता पर संस्थानों की अटल रैंकिंग (ARIIA) द्वारा पूर्व में निष्पादित "नवाचार" रैंकिंग का भारत रैंकिंग में एकीकरण किया गया है।
4. शहरी और नगर नियोजन में पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले स्कूलों को शामिल करने हेतु "वास्तुकला" की परिभाषा का विस्तार करना। **अत: विकल्प C सही है।**

**171.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत के संविधान का भाग XIV संघ और राज्य के तहत सिविल सेवाओं से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 311 के तहत दिये गए सुरक्षात्मक सुरक्षा उपाय केवल सिविल सेवकों, यानी सार्वजनिक अधिकारियों पर लागू होते हैं। वे रक्षा कर्मियों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बर्खास्तगी के मामले में, एक व्यक्ति को हमेशा के लिये रोज़गार से प्रतिबंधित कर दिया जाता है, लेकिन निष्कासन के मामले में उसे भविष्य के रोज़गार से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**172.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एक अध्यादेश संसद के अधिनियम के समान ही संवैधानिक सीमा के अधीन है। इसलिये, कोई अध्यादेश किसी भी मौलिक अधिकार को कम नहीं कर सकता या छीन नहीं सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संसद के अवकाश के दौरान राष्ट्रपति द्वारा जारी किये गए प्रत्येक अध्यादेश को संसद के पुन: समवेत होने पर दोनों सदनों के समक्ष रखा जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति की अध्यादेश बनाने की शक्ति एक विवेकाधीन शक्ति नहीं है साथ ही वह केवल प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की सलाह पर अध्यादेश को प्रख्यापित या वापस ले सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

173.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इस अध्यादेश द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 में संशोधन की मांग की जा रही है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस अध्यादेश का उद्देश्य दिल्ली के उपराज्यपाल को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं के प्रशासन की अधिक शक्ति प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (NCCSA) एक नया वैधानिक निकाय है जो ट्रांसफर पोस्टिंग, निगरानी और अन्य संबंधित मामलों के संबंध में उपराज्यपाल को सिफारिशें करने के लिये उत्तरदायी है। **अतः कथन 3 सही है।**

174.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ला नीना घटना तब होती है जब पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में जल का तापमान सामान्य से तुलनात्मक रूप से ठंडा हो जाता है। **अतः, कथन 1 सही है।**
- ला नीना के कारण पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र पर एक मज़बूत उच्च दबाव उत्पन्न होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ला नीना की घटनाएँ और दक्षिणपूर्वी अफ्रीका तथा उत्तरी ब्राज़ील में सामान्य से अधिक बारिश आपस में संबंधित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

175.

उत्तर: B

व्याख्या:

- खुदरा मुद्रास्फीति वह दर है जिस पर उपभोक्ताओं द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिये खरीदी जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में वृद्धि हो जाती हैं, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) मुद्रास्फीति के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह आम तौर पर घरेलू उपयोग के लिये खरीदी जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं की लागत में बदलाव को मापता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- शहरी गैर-मैनुअल कर्मचारियों (UNME) के लिये CPI को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

176.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत सरकार ने राज्यों को राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (NAFED) से पीएम-पोषण योजना के माध्यम से मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के लिये दालें प्राप्त करने की सलाह दी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (NAFED) के माध्यम से दालों के बफर स्टॉक को बनाए रखती है और अपेक्षा करती है कि राज्यों को उनसे खरीदनी चाहिये ताकि बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं तथा छात्रों के लिये रियायती दरों का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**

177.

उत्तर:C

व्याख्या:

- CPI के चार प्रकार इस प्रकार हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI
  - कृषि श्रमिक (AL) के लिये CPI
  - ग्रामीण मजदूरों (RL) के लिये CPI

- CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)
- पहले तीन को श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किया गया है। चौथे को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में NSO द्वारा संकलित किया गया है। **अत: विकल्प C सही है।**

178.

**उत्तर: A**


**व्याख्या:**

- वॉटरगेट स्कैंडल, वर्ष 1974 संयुक्त राज्य अमेरिका में एक राजनीतिक घोटाला था जिसमें वर्ष 1971 से 1974 तक अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन का प्रशासन शामिल था जिसके कारण निक्सन को इस्तीफा देना पड़ा।
- यह स्कैंडल निक्सन प्रशासन द्वारा 17 जून, 1972 को वाशिंगटन, डी.सी. वॉटरगेट कार्यालय भवन में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के मुख्यालय में सेंधमारी में अपनी संलिप्तता को छुपाने के लगातार प्रयासों के कारण हुआ था। **अत: विकल्प A सही है।**

179.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**




- चीन पारासेल द्वीप समूह सहित लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना अधिकार सिद्ध करता है।
- ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम दक्षिण चीन सागर के कुछ हिस्सों पर अपना दावा करते हैं और माना जाता है कि वहाँ बहुमूल्य तेल और गैस के भंडार हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

180.

नोट :

**उत्तर:** C

**व्याख्या :**

- डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) दो जुड़े हुए तन्तुनुमा अणुओं से बना होता है जो एक दूसरे के चारों ओर घूमते हुए एक मुड़ी हुई सीढ़ी के समान होते हैं, इस आकार को डबल हेलिक्स के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रत्येक तंतु में कृत्रिम मधुरक (डीऑक्सीराइबोज़) और फॉस्फेट समूहों से बनी रीढ़ होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- दोनों तंतुनुमा आकर रासायनिक बंधों से जुड़े होते हैं जिन्हें बेस कहते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**181.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- RNA (राइबोन्यूक्लिक एसिड) में चार नाइट्रोजनस तत्त्व होते हैं: एडेनिन A., साइटोसिन C., यूरैसिल (U), और गुआनिन (G)।
- डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA) में चार तत्त्व होते हैं: एडेनिन A., साइटोसिन C., गुआनिन (G) या थाइमिन (T)। **अत: विकल्प D सही है।**

**नोट :**